हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 11.8 डिग्री



अशोक नगर जाने वाली सड़क की मरम्मत नहीं की गई है, जिससे यहां से गुजरने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी और अधिकारी फेडरेशन की बैठक आज

**बिलासपुर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा 29 से 31 दिसम्बर तक काम बंद कलम बंद हड़ताल की घोषणा की गई है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा के महासचिव किशोर शर्मा ने बताया कि हड़ताल को सफल बनाने के लिए फेडरेशन के प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा संभागों का दौरा किया जा रहा है। इसी क्रम में 18 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे बिलासपुर सम्भाग की बैठक जल संसाधन विभाग बिलासपुर के प्रार्थना भवन में आयोजित की गई है। फेडरेशन ने सभी संगठन के पदाधिकारियों व से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### कांग्रेस करेगी आज भाजपा कार्यालय का घेराव

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण व शहर द्वारा संयुक्त रूप से 18 दिसंबर को भाजपा कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इससे पहले कांग्रेसजन दोपहर 12 बजे पुराना बस स्टैंड इमलीपारा स्थित नगर निगम के नवनिर्मित काम्पलेक्स के सामने एकत्रित होंगे उसके बाद भाजपा कार्यालय घेराव करने जाएंगे। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री एवं शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा ने बताया कि केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी केन्द्रीय संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है, जिसके विरोध में कल भाजपा कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस घेराव में कांग्रेस के सभी विधायक, एआईसीसी, आदि संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे।

# सालों से बिना पंजीयन ही संचालित हो रहे 625 प्ले स्कूल

- शिक्षा विभाग के पास इनकी जानकारी भी नहीं, अब नोटिस जारी कर सख्ती
- मनमानी फीस वसूली और नियमों के उल्लंघन की शिकायतें भी लगातार मिलीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

जिले में संचालित प्ले स्कूलों पर अब शिक्षा विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के 625 निजी स्कूल संचालकों को नोटिस जारी कर अनिवार्य रूप से प्ले स्कूल का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों का पालन नहीं करने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

दरअसल जिले में बड़ी संख्या में प्ले स्कूल संचालित हो रहे हैं, लेकिन अधिकांश स्कूलों ने अब तक स्कूल शिक्षा विभाग में पंजीयन नहीं कराया है। पंजीयन के अभाव में इन स्कूलों पर विभाग का कोई नियंत्रण नहीं है, जिससे मनमानी फीस वसूली और नियमों के उल्लंघन की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने कार्रवाई तेज की है।

हाईकोर्ट के निर्देश के बाद जिला शिक्षा अधिकारी विजय टांडे ने सभी 625 निजी स्कूल संचालकों को नोटिस जारी कर पंजीयन अनिवार्य कर दिया है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि पंजीयन प्रक्रिया में लापरवाही या टालमटोल करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### हजारों नौनिहाल पढ़ाई कर निकल भी गए



### प्ले स्कूल लिखना अनिवार्य होगा

अब हर प्री-प्राइमरी को नाम में 'प्ले स्कूल' लिखना होगा। वहीं नए नियम के अनुसार 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्ले स्कूल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। विभाग का मानना है कि कम उम्र में बच्चों को स्कूल भेजना शारीरिक और मानसिक रूप से सही नहीं है। इसके अलावा स्कूलों में शिक्षकों की संख्या, केयर टेकरों की संख्या को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ज्ञात हो कि प्राइवेट स्कूल जो सरकार या नगर निगम/स्थानीय निकाय से किसी भी प्रकार की आर्थिक मदद या अनुदान नहीं लेते। यह स्कूल 3 से 6 वर्ष की उम्र के बच्चों को शुरुआती बचपन की शिक्षा (अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन) देते हैं।

### की जाएगी कड़ी कार्रवाई

निजी स्कूल के संचालकों को प्ले स्कूल की जानकारी देने के अलावा तत्काल पंजीयन कराने का निर्देश दिया गया है। नियम का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- विजय टांडे
जिला शिक्षा अधिकारी

### हाईकोर्ट के निर्देश के बाद अब सख्ती

ध्यान रहे कि प्ले स्कूलों की मनमानी को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका भी दायर की गई थी। लगातार सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने प्ले स्कूलों पर सख्ती बरतने के साथ ही नई गाइडलाइन बनाने का निर्देश जारी किया था। इसके बाद अब डीईओ ने जिले के चारों ब्लॉक के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में संचालित निजी प्ले स्कूलों से संपर्क कर पंजीयन सुनिश्चित कराएं। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी शिक्षा विभाग ने निजी स्कूल संचालकों को निर्देश दिया था, लेकिन इसके बावजूद केवल 10 स्कूलों ने ही आवेदन किया था।

## नक्शा पास कराने के एवज में मांगा गया था 12 हजार रुपए

# रिश्वत लेते बोदरी नगर पंचायत सीएमओ, बाबू गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसीबी की टीम ने नक्शा पास करने के एवज में 12 हजार रुपए घूस लेते बोदरी नगर पंचायत की सीएमओ व बाबू को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीबी डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया, 12 दिसंबर को नूतन चौक निवासी वेदराम निर्मलकर ने एसीबी इकाई में शिकायत की, इसके अनुसार उन्होंने अपनी बोदरी स्थित जमीन में मकान बनाने के लिए नक्शा पास कराने नगर पंचायत बोदरी में आवेदन दिया था। नक्शा पास करने के एवज में उनसे कार्यालय के बाबू सुरेश सिहोरे ने निर्धारित फीस के अलावा अलग से 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। वे रिश्वत के रूप में पैसा न देकर उसे पकड़वाना चाहते हैं। शिकायत का सत्यापन करने के दौरान श्री निर्मलकर द्वारा बाबू सुरेश सिहोरे और सीएमओ भारती साहू से बात करने पर उनके द्वारा रिश्वत की मांग किए जाने की बात प्रामाणित पाई गई। मोलभाव में 15 हजार रुपए की जगह 12 हजार रुपए लेने सहमति दिए जाने पर ट्रैप की योजना तैयार की गई। 17 दिसंबर को श्री निर्मलकर को 12 हजार रुपए लेकर कार्यालय भेजा गया। श्री निर्मलकर ने बाबू सुरेश सिहोरे को पैसा देने के बाद इशारा कर दिया। उसके बाद एसीबी की टीम ने रिश्वत की रकम के साथ बाबू सुरेश सिहारे, सीएमओ भारती साहू को पकड़ लिया। सुरेश साहू के पास से रिश्वत की रकम बरामद की गई है। अचानक हुई छापेमार की कार्रवाई से नगर पंचायत कार्यालय में हड़कंप मच गया। टीम ने धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।



### मेडिकल बिल के नाम पर घूस की मांग करने वाले बाबू शुक्ला निलंबित

- 2 दिन पहले ऑडियो जारी हुआ था

मेडिकल बिल के नाम पर घूस की मांग करने वाले बिल्हा ब्लॉक ऑफिस के बाबू अनुपम शुक्ला को जिला शिक्षा अधिकारी ने सस्पेंड कर दिया है। ज्ञात होगी 2 दिन पहले एक ऑडियो जारी हुआ था जिसमें यह आरोपी बाबू ब्लॉक ऑफिस की ही दूसरी क्लर्क से बातचीत कर रहा है। इसमें रिश्वत नहीं मिलने पर मेडिकल बिल की फाइल अधिकारियों के सामने पेश नहीं करने और बिल अहर नहीं करने की पूरी बातचीत रिकॉर्ड है। ऑडियो सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को जांच का जिम्मा दिया था जांच में पाया गया कि थिस मेडिकल बिल की फाइल के गम हो जाने की बात क्लर्क अनुपम शुक्ला कर रहा था वह उसकी ही अलमारी में पाया गया। बीईओ के प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने क्लर्क अनुपम शुक्ला को निलंबित कर दिया है। क्लार्क को कोटा ब्लॉक में अटैच किया गया है।

# स्नेहलता महिला मोर्चा, ऋषभ युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष

- पूजा, वाणी, रौशन कार्यसमिति में शामिल







**बिलासपुर।** प्रदेश भाजपा द्वारा बुधवार को महिला मोर्चा व युवा मोर्चा के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों व अध्यक्षों की सूची जारी की गई है। इसके अनुसार पूर्व पार्षद स्नेहलता शर्मा को महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वैभव गुप्ता शहर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी युवा मोर्चा ग्रामीण जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं। महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी में भी शहर की वरिष्ठ भाजपा नेत्रियों को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है।

प्रदेश महिला मोर्चा में बिलासपुर की प्रियंका गिरी को प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा विभा गौरहा, रुक्मणी कौशिक, जयश्री चौकसे, शकुंतला काशी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य बनाई गई हैं। भाजपा नेत्री संध्या सिंह व शैलबाला वर्मा को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। प्रदेश महिला मोर्चा में पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष विभा राव, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी व पूर्व महापौर वाणी राव स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाई गई हैं। युवा मोर्चा में बिलासपुर की गौरी गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष व सन्नी केसरी को प्रदेश मंत्री बनाया गया है। प्रदेश कार्यसमिति में रौशन सिंह को भी जगह दी गई है।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*   शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



सुमीत बाजार



समानता, एकता और भाईचारे का संदेश देने वाले, सतनाम पंथ के संस्थापक गुरु घासीदास जी की जयंती पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !

आज पेपर कटिंग लाने पर

बाजार मूल्य ₹ ~~999~~ प्रति पीस वाले

किंग साईज डबलबेड



साईज 108 x 108 किंग साईज

पॉलीकोट बेडशीट 1+2 सेट ₹333

1 डबलबेडशीट + 2 पिलो कव्हर की कीमत मात्र ₹333 में

*condition apply

ऑफर सिर्फ आज के लिये

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा.

5% CASHBACK* SBI card

*Min. Trxn.: ₹2,350; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 13 Dec 2025 - 04 Jan 2026. T&C Apply.

राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर


डॉ. चन्द्रशेखर उईके जी
(निदेशक - न्यू वंदना हॉस्पिटल, वंदना मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल)
को जन्म दिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
18 दिसंबर
डॉ. चन्द्रशेखर उईके
M.B.B.S., M.D. (Medicine)
P.G.D.C.M., C.C.E.B.D.M.
Senior Consulting Physician
श्रीमती वंदना उईके
श्री रमेश चंद्र श्याम
श्री हर कुमार सिह उईके
श्री रामचंद्र ध्रुव
श्री परमेश्वर सिंह जगत
श्री वेद सिंह मरकाम
श्री सुभाष परते
श्री राजीव ध्रुव
श्री देव सिंह पोर्ते
श्री आयुष सिंह राज
श्रीमती शशि जगत
श्रीमती लक्ष्मीन पोर्ते
श्रीमती सुनीता ध्रुव
श्रीमती शशि ध्रुव
श्रीमती सुनीता श्याम
श्रीमती नीता मरावी
डॉ. सर्वजीत मरावी
डॉ. यशपाल ध्रुव
डॉ. कौशल मरावी
श्री नंद किशोर राज
श्री शिव चेचाम
श्री मनोज मरावी
श्री जनक मरकाम
श्री सूरज मरकाम
श्री हेमंत मरकाम
डॉ. पंकज परते
श्री लव सिदार
श्री कीर्तन मरावी
श्री सुनील श्याम
श्री राजेन्द्र पोर्ते
श्री कपिल मरकाम
श्री धनेश्वर नेताम
श्री राजेश नेताम
श्री जंतू मरकाम
श्री शिव धुर्वे
श्री ललित ध्रुव
श्री दिलीप ध्रुव
श्री रामनाथ ध्रुव
श्री विवेक ध्रुव

## निधन

### डॉ. आरएन विश्वास

बिलासपुर। मोपका निवासी डॉ. आरएन विश्वास का निधन 17



दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 दिसंबर को तोरवा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे नीलेश विश्वास, डॉ. नितेश विश्वास एवं तूलिका पाल के पिता थे।

### सुमित्रा देवी

बिलासपुर। महाराणा प्रताप नगर तिफरा निवासी सुमित्रा देवी का 17



दिसंबर को निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 18 दिसंबर को निज निवास से यदुनंदन नगर स्थित मुक्तिधाम के लिए दोपहर 1 बजे निकलेगी। वे स्वर्गीय हरिद्वार सिंह की पत्नी, विष्णु प्रताप सिंह, त्रिभुवन सिंह, राकेश कुमार सिंह एवं सतीश कुमार सिंह की मां, संजय सिंह की बड़ी मां थीं।

### दिलीप तिवारी

**बिलासपुर।** सेवानिवृत्त व्यख्याता दिलीप तिवारी चौबे कॉलोनी (रतनपुर



वाले) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 दिसंबर को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे विजय तिवारी के बड़े भाई, विकास, शालिनी पाण्डेय के पिता थे।

### नरगिस देवी भार्गव

सीपत। सीपत आनंद चौक निवासी नरगिस देवी भार्गव पति स्वर्गीय



शत्रुहन प्रसाद भार्गव का 17 दिसंबर को 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे दो पुत्र मोरध्वज भार्गव, अविनाश भार्गव, एक पुत्री रत्ना भार्गव सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर चली गईं। इनका अंतिम संस्कार 18 दिसंबर को गृहग्राम सीपत में किया जाएगा।

### अहिल्या बाई साहू



तखतपुर। ग्राम पुरा निवासी अहिल्या बाई साहू का 70 वर्ष की आयु में 16 दिसम्बर को निधन हो गया। वे अशोक साहू, विनोद साहू, विजय साहू की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम पुरा में किया गया।

# आदर्श स्टेशन के उस्लापुर वेटिंग लाउंज में यात्रियों को मिल रही होटल जैसी सुविधा

**बिलासपुर।** एसईसीआर जोन और बिलासपुर डिवीजन का पहला एसी वेटिंग लाउंज आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में ओपन कर दिया गया है, जहां बैठने पर यात्रियों को आलीशन होटल की तरह सुविधाएं मिलनी शुरु हो गई है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में यात्री गाड़ियों का दबाव कम करने के लिए रेल प्रशासन ने कटनी रूट की ओर जाने वाली गाड़ियों को अब उसलापुर रेलवे स्टेशन में स्टापेज देना शुरु कर दिया है। उसलापुर में बिलासपुर की ट्रेनों के स्टापेज से यात्रियों की संख्या भी काफी बढ़ने लगी है। यात्रियों की संख्या के हिसाब से पहले उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन में सुविधाएं काफी कम थी। इसके कारण यात्री भी काफी परेशान हो रहे थे। रेलवे स्टेशन में पहुंचने वाले यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी ट्रेनों की लेट लतीफी के कारण होती थी। कभी भी किसी भी समय मालगाड़ी को थ्रू आउट रवाना करने के लिए समय पर चल रही यात्री गाड़ियों को घंटों आउटर में खड़े कर दिया जाता है। पिछले कुछ दिनों से उसलापुर को अमृत भारत योजना के तहत शामिल करते हुए रिडेवलपमेंट करने का






काम किया जा रहा है। इसमें यात्रियों की सुविधाओं में भी बढ़ोत्तरी हो रहा है। अब तक उसलापुर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक और दो में वेटिंग हॉल की सुविधा भी नहीं थी। अमृत भारत स्टेशन में शामिल करते हुए रेल अफसरों ने अब ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्रियों के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन का पहला एसी वेटिंग लाउंज का निर्माण कार्य कराया है। यह लाउंज प्लेटफार्म नम्बर एक पर ओपन किया गया है, जहां बैठकर यात्री को होटल की तरह अनुभव हो रहा है।

### आधुनिक सुविधा से लैस

बिलासपुर डिवीजन के उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन में जोन का पहला एसी वेटिंग लाउंज बनाया गया है। यह वेटिंग लाउंज आधुनिक सुविधा से लैस है। यहां वेटिंग लाउंज के साथ आरामदायक सीटिंग, मॉडयूलर लाइटिंग, साफ-सुथरे वाशरूम के अलावा एसी के साथ कैफेटेरिया भी खोला गया है। स्टेशन में पहुंचकर ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्रियों को वेटिंग लाउंज में कम खर्च में ही सारी सुविधाएं मिल सकेगी।

### जोन का पहला लाउंज

एसी वेटिंग लाउंज की सुविधा उसलापुर रेलवे स्टेशन में शुरु कर दी गई है, यह पूरे जोन का पहला लाउंज है। पूरे रेलवे में बिलासपुर का उसलापुर स्टेशन है, जहां केवल 20 रुपए के साथ यात्रियों को अपना पीएनआर नंबर और आधार कार्ड दिखाना होगा। इसके बाद यात्री बड़े आराम से बैठकर ट्रेन का इंतजार कर सकते हैं।

- **अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम रेल मंडल बिलासपुर



## बीपीएस के छात्र तिजिल को कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में 99.3 परसेंटाइल

बिलासपुर। ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र तिजिल ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय, परिवार एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। तिजिल ने इस परीक्षा में 99.3 परसेंटाइल प्राप्त करते हुए ऑल इंडिया रैंक 515 हासिल की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य में 7वाँ स्थान प्राप्त कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। तिजिल की इस सफलता से परिवार तथा विद्यालय में हर्ष का माहौल है, साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है।

## निःशुल्क गेट करियर प्रशिक्षण ग्रेजुएट युवाओं के लिए सुनहरा रोजगार अवसर

**बिलासपुर।** लर्नेट स्कील्स और इनफोसी फाउंडेशन के सहयोग से गेट कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम ग्रेजुएट विद्यार्थियों को पूरी तरह निःशुल्क और करियर-उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करता है, ताकि वे रोजगार के लिए तैयार हो सकें। नाइस टेक ईदगाह रोड के संचालक ने बताया कि इसकी मुख्य विशेषताओं प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को इंग्लिश स्पीकिंग, कम्युनिकेशन स्किल्स, इंटरव्यू तैयारी, प्लेसमेंट रेडीनेस, डिजिटल स्किल्स और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट जैसे कौशलों पर ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को ट्रेनिंग के दौरान बुक्स, नोटपैड, पेन और टी-शर्ट भी निःशुल्क दिए जाएँगे। इसमें प्रशिक्षण संस्था की ओर से विशेष रूप से प्रशिक्षित फैकल्टी द्वारा दिया जाएगा, जो बाहर से आकर पढ़ाएँगे। कोर्स की कुल अवधि 80 घंटे की होगी, जो लगभग एक महीने में पूरा किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद लगभग 70% प्रतिभागियों को 18,000 से 20 हजार रुपए मासिक वेतन वाली नौकरियाँ बीएफएसआई, आईटीईएस, रिटेल, हॉस्पिटैलिटी और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों में मिल सकती हैं।

एजुकेशन प्लस

NICETEC COMPUTER EDUCATION Since 1997



## पेंशन एवं क्रमोन्नति का करें निराकरण

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से मुलाकात की। ज्ञापन सौंपकर 12 वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद देते हुए प्राचार्य के शेष पदों पर व्याख्याता ई व रायपुर प्रधान पाठक सभी सभी संवर्ग के शेष पदोन्नति प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण करने, टीईटी अनिवार्यता के निर्णय के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप पुनर्विचार याचिका दायर करने, पेंशन एवं क्रमोन्नति संबंधी लंबित मांगो के शीघ्र निराकरण की मांग की। चर्चा में उप संचालक लोक शिक्षण आशुतोष चावरे व उप संचालक एएन बंजारा, सहायक संचालक एचसी दिलावर, सहायक संचालक एडी कुर्रे ने कहा कि अभी प्राथमिकता से प्राचार्य के खाली पदों पर पदोन्नति करने, व्याख्याता पदोन्नति व रायपुर संभाग में प्रधान पाठक पदोन्नति पर कार्ययोजना बनाया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में संजय शर्मा, सुधीर प्रधान, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, मनोज सनाढ्य, संतोष सिंह, नारायण चौधरी, ओमप्रकाश सोनकला, गोपी वर्मा, नवीन चौधरी, हंसकुमार मेश्राम, मनोज कुमार वर्मा, किशन देशमुख, रोहित कुमार तारम, नंदकुमार साहू, भोपाल बंजारा आदि मौजूद थे।



## निगम आयुक्त अमित को दी गई विदाई

**बिलासपुर।** नगर निगम आयुक्त अमित कुमार को जिला कार्यालय में विदाई दी गई। उनका तबादला सुकमा में जिला कलेक्टर के रूप में हुआ है। उनके विदाई समारोह में कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह सहित जिला कार्यालय एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। जिला प्रशासन की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि अमित कुमार के नेतृत्व में बिलासपुर में शहरी विकास के नए कीर्तिमान गढ़े हैं। एसएसपी रजनेश सिंह ने पुलिस विभाग की ओर से निगम आयुक्त को कलेक्टर बनने पर बधाई दी। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि बिलासपुर जिले से मैं काफी कुछ सीखा हूं और इन्हें सुखद यादगार के रूप में लेकर बिदा हो रहा हूं। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल,सहायक कलेक्टर अरविन्द कुमारन, एडिशनल कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी, ज्योति पटेल, एसडीएम मनीष साहू, ईई पीडब्ल्यूडी विन्ध्यराज, ईडीएम आफताब, डीपीओ सुरेश सिंह, डीपीएम पीयूली मजूमदार, तहसीलदार शिल्पा भगत ने भी स्थानांतररित कमिश्नर श्री अमित कुमार के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं और कार्य अनुभव अनुभव को साझा किया।



## कबीर मानिक पंथ ने निकाली शोभायात्रा

**बिलासपुर।** सदगुरु कबीर मानिक पंथ सेवा संस्थान लिंगियाडीह द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में 13 दिसम्बर शनिवार को समाज के महिलाओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पांच पनिका, पांच गोत्र की झांकी के माध्यम अपनी जाति का बोध कराते हुए एवं भजन, ग्रंथ का आनंद संत महंतो व दूर दराज से आए भक्तजन ने लिया। दूसरे 14 दिसंबर रविवार को भव्य चौका आरती का आयोजन हुआ। प्रति दिन सुबह से लेकर शाम तक के लिए भोजन भंडारा की भी व्यवस्था की गई थी। यह शानदार तीसरा वर्ष था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सदगुरु कबीर साहेब की छाया चित्र के माध्यम से आदि गुरु के बारे में जानकारी देना। इनके अलावा कबीर साहेब के बताए मार्ग पर चलना, आपसी भाई चारा,प्रेम, नशा, से दूर रहना, सात्विक विचार रखना इत्यादि का संदेश देना रहा। जिसमे मुख्य अतिथि लाछा पौड़ी से संत कबड्डी दास साहेब रहे। कार्यक्रम की प्रदेश भर से सभी सामाजिक जन ने भूरि भूरि प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। इस अवसर पर समाज प्रमुखों ने लोगों को सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। बाबा के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने प्रेरित किया।

## रौशन बने भाजयुमो कार्यसमिति के सदस्य

**बिलासपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने संगठन को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बिलासपुर के युवा नेता रौशन सिंह को भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य नियुक्त किया है। संगठन में लगातार सक्रियता, निष्ठा और अनुशासित कार्यशैली के चलते मिली इस जिम्मेदारी से



राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है और युवाओं में उत्साह का माहौल बन गया है।

भाजयुमो की प्रदेश कार्यसमिति में शामिल होना किसी भी युवा कार्यकर्ता के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। रौशन सिंह को यह जिम्मेदारी ऐसे समय मिली है जब संगठन युवा नेतृत्व को आगे लाने और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले चेहरों को पहचान देने की नीति पर काम कर रहा है। रौशन सिंह लंबे समय से भाजपा और भाजयुमो के कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। चुनावी समय हो या संगठनात्मक अभियान, वे हर मोर्चे पर पूरी निष्ठा के साथ डटे नजर आते हैं। विधायक अमर अग्रवाल के करीबी समर्थकों में गिने जाने वाले रौशन सिंह को संगठनात्मक रणनीति और युवाओं के बीच पकड़ रखने वाला कार्यकर्ता माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि रौशन सिंह की यह नई भूमिका बिलासपुर सहित पूरे संभाग में संगठन को नई ऊर्जा देने का काम करेगी। रौशन सिंह ने अपने नियुक्ति के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव,भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा,बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल का आभार जताया।



## खबर संक्षेप

### नगर विधायक अमर करेंगे रावत नाच महोत्सव समिति का छात्रवृत्ति वितरण 20 को



**बिलासपुर।** रावत नाच महोत्सव छात्रवृत्ति समिति द्वारा 20 दिसम्बर शनिवार को लखीराम स्टेडियम में दोपहर 2 बजे रावत नाच महोत्सव समिति का छात्रवृत्ति विरतण समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसके मुख्य अतिथि नगर विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि बुधराम यादव, धन्नू यादव, डॉ.सुशील यादव एवं पूर्व पार्षद शैलेंद्र यादव होंगे। भरत यादव ने बताया कि इस आयोजन में यादव समाज के 24 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को कुल 1 लाख रुपए की नकद राशि, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह का वितरण किया जाना है। इसमें सामान्य वर्ग से 12 छात्रा एवं छात्र हैं। इसमें कक्षा 12वीं के छात्र निशांत यादव, दिव्येश यादव, अर्जुन यादव, महिमा यादव, नैना यादव, गरिमा यादव शामिल हैं। 10वी के छात्र यशराज यादव, लक्ष्य यादव, आदित्य यादव, छात्रा वर्ग से राजमती यादव, रिया यादव,स्नेहा यादव, एवं गोल परिवार से 12 छात्र एवं छात्राएं शामिल हैं। इसमें छात्र वर्ग 12वीं के आयुष यादव, कोमल यादव, नीलेश यादव, छात्रा वर्ग के निशु यादव, सोनम यादव, चांदनी यादव व 10वीं के छात्र प्रतीक यादव, छवि यादव, ओमकार यादव, छात्रा वर्ग के मुस्कान यादव, टिंकी यादव, जया यादव शामिल हैं। जिन्हें हायर सेकेण्डरी के 12 छात्र/ छात्राओं को पांच-पांच हजार तथा हाई स्कूल के 12 छात्रों को तीन-तीन हजार की नकद राशि, कुल 1 लाख रुपए प्रदान किया जाएगा। चयन समिति के समिति के सदस्य कालीचरण यादव, मनी राम यादव, रामचरण यादव, संतोष यादव, उमेश यादव, सुशील यादव हैं।

### छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन ने मनाया पेंशनर सम्मेलन



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय पेंशनर दिवस के अवसर पर 17 दिसंबर को कर्मचारी भवन में जिला स्तरीय पेंशनर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें व्ही एस तिवारी, हरिमोहन पांडे, एलपी चंद्राकर, जे आर कोठारी, रामफल कौशिक, विष्णु प्रसाद पांडे, महेश प्रसाद पांडे, काशी राम साहू, रित राम कुर्रे, श्यामलाल कश्यप, बी आर गुप्ता, श्याम लाल कश्यप, जगदीश प्रसाद गुप्ता एवं घनश्याम प्रसाद निर्मलकर को शाल. श्रीफल से सम्मानित किया गया।एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव ने पेंशनरों की मांगों का प्रस्ताव रखा। जिसमें मोदी की गारंटी लागू करते हुए केंद्रीय पेंशनरों की देय तिथि से राज्य के पेंशनरों को महंगाई राहत देने, राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 का गलत व्याख्या करते हुए मध्य प्रदेश शासन से सहमति के आधार पर पेंशन राहत भुगतान की परंपरा समाप्त करने, 70 वर्ष के आयु में पेंशन में 20 प्रतिशत वृद्धि करने, राज्य के पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना लागू करने वरिष्ठ नागरिक आयोग की गठन करने की मांग शामिल है। सम्मान समारोह में अतिथियों का स्वागत जगत मिश्रा, जेपी उपाध्यक्ष, ललित पांडे, राजेंद्र गुप्ता, राजकुमार मिश्रा, नंद कुमार साहू, किशन राठौर, डी एल डहरिया ने किया। सम्मान समारोह को व्ही एस तिवारी, माधव चंद्राकर, बंशीलाल तिवारी, आशा सुबोध, रामकुमार यादव ने संबोधित किया।

### शासकीय दृष्टि एवं बर्थ विद्यालय तिफरा में मना साइन लैंग्वेज डे



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में साइन लैंग्वेज के संबंधित कार्यक्रम शासकीय दृष्टि एवं बर्थ विद्यालय तिफरा में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि अपर डिप्टी कलेक्टर एस. एस. दुबे का स्वागत टीपी नावे एवं बबीता कमलेश द्वारा किया गया। श्रवणबाधित छात्रों ने नृत्य एवं दृष्टिबाधित छात्रों द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। साइन लैंग्वेज डे की 25 वर्ष की उपलब्धि पर प्रभारी अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने कहा कि श्रवणबाधित बच्चे जो सुन तथा बोल नहीं सकते फिर भी ये अपना अध्ययन कार्य सुगमता एवं सरलता से करते आ रहे हैं। मुख्य अतिथि श्री दुबे ने कहा कि साइन लैंग्वेज की शुरुआत 1920 में भारत में हुई जो कि पहले ही हो जानी चाहिए थी। सरकार ने दिव्यांगों के लिए कई सुविधाए संचालित की है लेकिन जानकारी के अभाव में सभी दिव्यांगों को यह जानकारी नहीं मिल पाती। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे हम सारी सुविधाओं का लाभ ले सकते है। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों में बबीता कमलेश, प्रशात मोकासे, उत्तमराव माधनकर, प्रशात द्विवेदी, प्रदीप शर्मा, देवेन्द्र कुमार चंद्रा, सुश्री बीना दीक्षित, संजय खुराना, मजू रगारी, दीक्षांत पटेल, अशोक अग्रवाल, रोशनी भारती, कामनी साहू, गिरजा, क्षिप्रा कश्यप, जान्हवी मिश्रा, जी. सुनिता, जानवी, रेखा चौहान, पूर्णिमा पाण्डेय, अंजनी बर्मन, शालिनी त्रिपाठी आदि मौजूद थीं।





बुधवार को गुरुघासीदास जयंती के अवसर पर ध्वजवाहकों की अगुवाई में निकाली गई शोभायात्रा। कार्यक्रम में शामिल समाज के युवक-युवतियां।

### गुरूघासीदास जयंती आज, होंगे कार्यक्रम

# मनखे-मनखे एक समान का संदेश लेकर निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बाबा गुरूघासीदास जयंती के पूर्व संध्या पर बुधवार को महंत बाड़ा जरहाभाठा छात्रावास से सतनामी समाज के लोगों द्वारा मनखे-मनखे एक समान का संदेश लेकर भव्य स्वाभिमान यात्रा निकाली गई।

समाज के लोग महंत-बाड़ा में एकत्रित हुए, यहां पूजा-अर्चना की गई इसके पश्चात सात ध्वजवाहकों की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में पंथी नृत्य, बस्तरिया बाजा,धुमाल व डीजे के धुन में बाबा गुरूघासीदास की झांकी के साथ यह यात्रा भव्य रूप से निकाली गई। गुरु घासीदास की जयंती 18 दिसंबर को मनाई जाएगी। इस अवसर पर जैतखंभ पर झंडा चढाकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाज के राजमहंत, सामाजिक संगठन, अधिकारी-कर्मचारी, महिला संगठन और नवयुवक संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे। शोभायात्रा का कई जगहों पर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में जिला अध्यक्ष सागर बंजारे, स्वाभिमान यात्रा के संस्थापक जितेंद्र बंजारा, जयंत मनहर, विनोद बंजारा, आदित्य जोशी, बाबा पात्रे, सनत दिव्य, आशुतोष जानी, अंकित पात्रे, अमन दिवाकर,अमित कुर्रे सहित बड़ी संख्या में सामाज की महिलाएं मौजूद रहीं।

### शोभायात्रा में एकजुटता का परिचय

जिलाध्यक्ष सागर बंजारे ने बताया कि स्वाभिमान यात्रा विगत 25 वर्षों से लगातार जयंती पर निकाली जा रही है,इस वर्ष भी समाज द्वारा यह यात्रा निकाली गई। इसमें समाज के लोगों ने बाबा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर एकजुटता का परिचय दिया है।

### सीयू का कुल उत्सव आज

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 18 दिसंबर को संत गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम और कुल उत्सव का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे बाबा के प्रतिमा स्थल पर पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा निकलेगी। जो रजत जयंती सभागार पहुंचकर समाप्त होगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला होंगे व अध्यक्षता कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल करेंगे। इस मौके पर पंथी नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

### शहर के मुख्य मार्गो से निकली यात्रा

सतनाम समाज की स्वाभिमान यात्रा जरहाभाठा से निकलकर नेहरू चौक, देवकीनंदन चौक, गोलबाजार,तेलीपारा, बस स्ट्रैण्ड होते हुए सत्यम चौक से होकर जरहाभाठा पहुंचकर समाप्त हुई। इसमें कोनी,मंगला,कोरमी बसिया,उस्लापुर,चुचुहियापारा,अमेरी सहित विभिन्न जगहों के सतनामी समाज के लोग पहुंचे थे।

## कांग्रेस पार्षद दल ने किया रैली का स्वागत



गुरु घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर कांग्रेस पार्षद दल द्वारा रैली का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष भरत कुमार कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, उप नेता प्रतिपक्ष संतोषी राम बघेल, सीनियर पार्षद जुगल सुनीता गोयल, ओम कश्यप, हिमांशु कश्यप, ,सीताराम जायसवाल आदि मौजूद थे।

### भरनी परसदा में तीन दिवसीय गुरू घासीदास जयंती महोत्सव व मेला आज से



**बिलासपुर।** भरनी परसदा में तीन दिवसीय गुरू घासीदास जयंती महोत्सव व मेला 18 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष पं. उमादत्त धिलहरे ने बताया कि यह मेला 18 दिसंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा। यह मेला भरनी परसदा, पेंडारी में तीन दिन आयोजित किया जा रहा है। इसमें भारत देश के कई प्रदेशों तथा छग अंचल के कोने कोने से हजारों पंथी नृत्य कलाकार अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन करेंगे। प्रत्येक दल को मेला आयोजन समिति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। 19 दिसंबर को विधायक धर्मजीत सिंह के विधायक निधि से 20 लाख रुपए से निर्मित मेला स्थल अहाता निर्माण का उदघाटन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायात अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, ललिता संतोष कश्यप, डा. माधवी संतोष वस्त्रकार, संतोष कौशिक, राकेश तिवारी शामिल होंगे। कार्यक्रम में गुरू गद्दी अमृत कुंड जैतखाम का पूजा अर्चना की जाएगी।

### रिलीफ ट्रेन का किया गया मॉकड्रिल

**बिलासपुर।** रेलवे में आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने चिकित्सा विभाग ने रेलवे स्टेशन पर सेल्फ प्रोपेल्ड एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन की मॉकड्रिल का आयोजन किया। मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य रेल दुर्घटना की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय, उपलब्ध संसाधनों की तत्परता तथा बचाव एवं राहत कार्यों की कार्य कुशलता का व्यवहारिक परीक्षण करना था। चिकित्सा विभाग ने घायल यात्रियों को त्वरित प्राथमिक उपचार प्रदान करने, ट्रायेज की प्रक्रिया, स्ट्रेचर के माध्यम से घायलों की सुरक्षित निकासी तथा उन्हें निकटवर्ती चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंचाने की कार्रवाई का प्रदर्शन करने के साथ सुरक्षा, परिचालन, यांत्रिक, विद्युत एवं इजीनियरिंग विभागों के बीच समन्वय का भी प्रभावी ढंग से परीक्षण किया गया।

### आयोग की हिदायत, वीआईपी वोटरों के नाम न छूटें

**बिलासपुर।** निर्वाचन आयोग द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी बीएलओ को यह हिदायत दी गई है कि किसी भी वीआईपी मतदाताओं के नाम नहीं छूटना चाहिए। इसलिए इस बात का ध्यान रखते हुए अच्छे से सत्यापन कार्य कर लें। एसआईआर तहत गणना फार्म भरने का गुरुवार आखिरी दिन है। निर्वाचन आयोग ने एसआईआर की समीक्षा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की है और अभी तक कितने फार्म जमा, डिजिटाईजेशन हो चुके हैं और कितने फार्म अप्राप्त है इसकी जानकारी ली है। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग ने यह भी हिदायत सभी बीएलओ को दी है कि किसी भी वीआईपी मतदाताओं के नाम एसआईआर दौरान छूटने नहीं चाहिए इसका ध्यान रखने कहा गया है। एसआईआर तहत गणना फार्म भरने की अंतिम तिथि 18 दिसंबर तक है। अभी तक 13 लाख 4 हजार से अधिक फार्म जमा हो चुके हैं जबकि लगभग 3 लाख 70 हजार गणना फार्म अप्राप्त हैं।



## एसएसपी सिंह ने आरक्षक भर्ती के 17 लोगों को सौंपा नियुक्ति पत्र



**बिलासपुर।** आरक्षक संवर्ग चयन प्रक्रिया वर्ष 2023-24 के तहत पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर के चयनित उम्मीदवारों की पुलिस महानिरीक्षक द्वारा अनुमोदित सूची अनुसार नियमानुसार चरित्र, सत्यापन मेडिकल परीक्षण कराया गया। जिसमें शासकीय सेवा के योग्य पाए जाने पर उम्मीदवार को आरक्षक (जीडी) के पद पर जिला पुलिस बल बिलासपुर में आरक्षक (जीडी) के रिक्त पदों पर अस्थाई तौर पर आगामी आदेश पर्यन्त जिला पुलिस बिलासपुर में आमद किया गया।

17 दिसंबर को एसएसपी रजनेश सिंह द्वारा नियुक्ति आदेश जारी कर 17 चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया । जो रक्षित केंद्र में अपनी आमद दर्ज कराए । श्री सिंह द्वारा जिला पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में जॉइनिंग देने वाले जवानों को पुलिस विभाग के उद्देश्यों और विभागीय अनुशासन और पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ आमजनता की समस्याओं, उनकी सुरक्षा के लिए अपना योगदान देने की हिदायत दी। किसी भी अनुचित कार्य और संदिग्ध आचरण से अपने आपको दूर रखकर अच्छा कार्य कर अपने व अपने परिवार के साथ बिलासपुर पुलिस, छत्तीसगढ़ पुलिस का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

### बैठक कक्ष के बाहर डटे रहे

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने की अनियमितता की शिकायत



कक्ष के बाहर धरने पर बैठे कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी में बुधवार को कार्य परिषद की बैठक चलती रही और बैठक कक्ष के बाहर एनएसयूआई कार्यकर्ता डटे रहे। बैठक समाप्त होने के बाद एनएसयूआई कार्यकर्ताओं से मिले और यूनिवर्सिटी में अनियमितताओं के संबंध में शिकायत की।

अटल यूनिवर्सिटी में नए सदस्यों के नियुक्ति पश्चात आज कार्य परिषद की बैठक हुई। बैठक दौरान एनएसयूआई के कुछ कार्यकर्ता वहां पहुंच गए और भीतर सदस्यों से मिलने जाने की मांग करने लगे। इस पर यूनिवर्सिटी के अधिकारियों और सुरक्षा गार्डस द्वारा उन्हें बाहर रोका गया, जिसपर कार्यकर्ता वहीं जमीन पर बैठ गए। कार्य परिषद की बैठक समाप्त होने के बाद एनएसयूआई कार्यकर्ता कुछ सदस्यों से मिलें और अनियमितता संबंधी शिकायत की। इसमें एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह सहित पुष्पराज साहू, करन यादव, राजा खान, अतुल रजक आदि शामिल थे। इनका कहना था कि यूनिवर्सिटी में पदोन्नति और भर्तियों को लेकर अनावश्यक जल्दबाजी की जा रही है। नियमों की अनदेखी करते हुए बिना सक्षम प्राधिकारी और उच्च कार्यालय की स्वीकृति के नियुक्तियां और प्रमोशन किए जा रहे हैं जबकि इसकी पूरी जानकारी कार्य परिषद को दी ही नहीं जाती है। कार्य परिषद के निर्णयों को सार्वजनिक करने में भारी अनियमितता बरती जा रही है। निर्णयों की प्रतिलिपि यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर अपलोड नहीं की जाती, जिससे आमजन और छात्र जानकारी से वंचित रहते हैं। रंजेश ने यह आरोप भी लगाया कि मेरिट आधार पर पदोन्नति न पाने वाले कर्मचारियों को कैस प्रमोशन देने का चलन बढ़ता जा रहा है। हाल ही में बिना पद स्वीकृति के ही सहायक प्राध्यापकों की भर्ती कर दी गई है, जिसे कार्य परिषद की बैठक में लिफाफा खोलकर सब कुछ सही दिखाने का प्रयास किया गया। विधानसभा सत्र चलते जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में आनन-फानन में कार्य परिषद की बैठक आयोजित की गई है जो संदेह पैदा करती है।

- एयू कार्य परिषद सदस्यों से मिलकर की शिकायत

## 20 लाख से अधिक डिग्रियां डिजीलॉकर में अपलोड

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी डिजीलॉकर में डिग्री, मार्कशीट अपलोड करने में प्रदेश के अन्य यूनिवर्सिटी से आगे चल रही है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा अब तक 20 लाख से अधिक डिग्रियां व मार्कशीट डिजीलॉकर अपलोड हो चुकी हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी यूनिवर्सिटी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में डिग्री, मार्कशीट डिजीलॉकर में अपलोड करने कहा है।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा डिजीलॉकर में डिग्री अपलोड किए जाने की हाल ही में समीक्षा की गई थी, जिसमें सभी यूनिवर्सिटी को आनलाइन डिग्री, मार्कशीट अपलोड किए जाने के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। आनलाइन डिग्री अपलोड करने की दिशा में अटल यूनिवर्सिटी प्रदेश के अन्य यूनिवर्सिटी से आगे चल रही है और अटल यूनिवर्सिटी द्वारा अब तक 20 लाख 47 हजार डिग्री, मार्कशीट डिजी लॉकर में अपलोड की जा चुकी हैं। अटल यूनिवर्सिटी ने सत्र 2013 से 2025 तक के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की डिग्रियां, मार्कशीट डिजीलॉकर में अपलोड किए गए हैं। अटल यूनिवर्सिटी ने डिजीलॉकर के माध्यम से आनलाइन डिग्री, मार्कशीट उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा काम हुआ है। यूनिवर्सिटी द्वारा लगातार इस दिशा में कार्य किए जाने के बाद सत्र 2013 से लेकर सत्र 2025 तक के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की डिग्री, मार्कशीट को डिजीलॉकर पोर्टल में अपलोड किया गया है।

### रविशंकर यूनिवर्सिटी दूसरे नंबर पर

छत्तीसगढ़ में अटल यूनिवर्सिटी बिलासपुर के बाद रविशंकर यूनिवर्सिटी रायपुर डिजीलॉकर में डिग्री, मार्कशीट अपलोड करने में दूसरे स्थान पर है। रविशंकर यूनिवर्सिटी द्वारा 16 लाख 47 हजार से अधिक डिग्रियां, मार्कशीट डिजीलॉकर में अपलोड की जा चुकी हैं। इसी तरह बस्तर यूनिवर्सिटी द्वारा 9 लाख 66 हजार से ऊपर और दुर्ग यूनिवर्सिटी द्वारा 7 लाख 63 हजार से अधिक एवं सरगुजा यूनिवर्सिटी द्वारा 5 लाख 24 हजार 911 से अधिक व रायगढ़ यूनिवर्सिटी अभी तक 3 लाख 98 हजार से अधिक डिग्रियां और मार्कशीट डिजीलॉकर में अपलोड की जा चुकी हैं।

### स्टूडेंट्स को मिल रही सुविधा

डिजीलॉकर में आनलाइन डिग्री अपलोड कराने में अटल यूनिवर्सिटी की स्थिति प्रदेश में सबसे अच्छी है। लगातार डिग्रियां डिजीलॉकर में अपलोड करने का कार्य करा रहे हैं। इससे विद्यार्थियों को आनलाइन डिग्री निकालने की सुविधा मिल रही है।

-**आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी,** कुलपति, अटल यूनिवर्सिटी




### राष्ट्रीय संगोष्ठी में जुटेंगे देशभर के विशेषज्ञ

# रमन विवि में भारतीय भाषाओं पर संगोष्ठी आज से

**बिलासपुर।** वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार नई दिल्ली के तत्वावधान में 18–19 दिसंबर को को डा सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा भारतीय भाषाएँ ज्ञान सृजन का नया दृष्टिकोण और मानक शब्दावली" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

इस संगोष्ठी का आयोजन विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं भारतीय भाषाओं के समन्वय को सुदृढ़ करने तथा वैज्ञानिक एवं तकनीकी ज्ञान को भारतीय भाषाओं में अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय उच्चतर शिक्षा विभाग भारत सरकार की ओर से सहायक निदेशक, इंजी जेएस रावत को इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जो नई दिल्ली से संगोष्ठी में शामिल होंगे।



### ये विद्वान होंगे शामिल

इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में दीपक कुमार पांडे, प्रोफेसर एमके वर्मा रायपुर, इंजीनियर जय सिंह रावत,डा. शहजाद अहमद अंसारी, डॉ छगन लाल, प्रोफेसर एस के सिंघाई, सेवानिवृत्त प्रोफेसर चितरंजन कर, प्रोफेसर राजेंद्र मेहता शामिल होंगे।

### प्रख्यात संसाधक एवं विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे

राष्ट्रीय संगोष्ठी समन्वयक डॉ मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि इस संगोष्ठी में भारत सरकार एवं राज्य सरकार के कई प्रतिष्ठत केन्द्रीय विश्वविद्यालयों राज्य विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों से प्रख्यात संसाधक एवं विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। ये विशेषज्ञ " विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा भारतीय भाषाएँ, ज्ञान सृजन का नया दृष्टिकोण और मानक शब्दावली" विषय पर अपने व्याख्यान एवं विचार प्रस्तुत करेंगे। डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष के मार्गदर्शन में इस संगोष्ठी के सफल आयोजन डा मनोज कुमार तिवारी को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।




18 दिसंबर अमर रहे ...
समस्त प्रदेशवासियों को संत शिरोमणी परम पूज्य
बाबा गुरु घासीदास जी की 269 वीं जयंती एवं गुरु पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हे सतपुरुष, हे सतनाम, हे सतनाम
योगेश मनहर
आशीष टंडन
विनय कौशल
मो. 7566699995
कुलदीप गहिरे
अंकुर भास्कर
अमन दिवाकर
पिन्टू खाण्डे
मो. 7566661182
राजा मनहर
शानू सतनामी
गौरव खाण्डे
विक्रम जांगड़े
मो. 7898709479

बिलासपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन मंडल द्वारा संचालित लिटिल बन्नी स्कूल का वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'एक्सप्लोरिंग इंडिया' भव्य रूप से आयोजित किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा देश की सांस्कृतिक विविधता को दशति हुए आकर्षक एवं मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

## 'एक्सप्लोरिंग इंडिया' थीम पर सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम के प्रथम दिवस सेक्रो, बिलासपुर मंडल की अध्यक्षा भगवती खोईवाल द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात नर्सरी, प्री-नर्सरी एवं केजी-1 के बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की मासूम और सजीव प्रस्तुतियों से लिटिल बन्नी स्कूल का विशाल सभा मंडप लगभग 600 दर्शकों की तालियों की गूंज से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के द्वितीय एवं अंतिम दिवस स्कूली



बच्चों द्वारा पुनः विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मीनाक्षी शर्मा ने अपने उद्बोधन में बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम की संकल्पना और उत्कृष्ट प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले कलाकारों, प्राचार्या, शिक्षिकाओं एवं सेक्रो की सभी सदस्याओं के परिश्रम और टीम-वर्क की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या बी दीपा द्वारा विद्यालय की गतिविधियों पर आधारित वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों एवं वर्ष भर आयोजित प्रतियोगिताओं की झलकियाँ सम्मिलित रहीं।

इस अवसर पर मुख्यालय सेक्रो की उपाध्यक्षा मंजुला साहू, सचिव मनीषा गुरुमुखी, कोषाध्यक्षा निधि अग्रवाल, उपाध्यक्षा सुधा श्रीनिवास, अर्पिता गर्ग, ममता सचन सहित सेक्रो की सभी सदस्याएँ उपस्थित रहीं।

### देशभक्ति पारंपरिक गीतों पर नृत्य

बच्चों द्वारा प्रस्तुत ग्रुप डांस, देशभक्ति एवं पारंपरिक गीतों पर आधारित नृत्यों को दर्शकों से सराहना मिली। इस दौरान बच्चों ने भारत के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक नृत्यों की प्रस्तुति देकर 'अनेकता में एकता' का सशक्त संदेश दिया। वहीं एक वृक्ष के माध्यम से की गई सांकेतिक प्रस्तुति द्वारा धर्मनिरपेक्षता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की इस सांस्कृतिक श्रृंखला में सेक्रो द्वारा संचालित साक्षरता संस्था 'ज्ञानदीप' के बच्चों ने भी अपनी मोहक नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

चयन

## अटल यूनिवर्सिटी एनएसएस की स्वयंसेवक राष्ट्रपति को देंगी सलामी



**बिलासपुर।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गणतंत्र दिवस परेड 1 से 31 जनवरी का आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा। जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को सलामी देंगे। दिल्ली में छत्तीसगढ़ -मध्य प्रदेश टीम का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी मोना केवट पीएनएस महाविद्यालय बिलासपुर द्वारा किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य के चार छात्र और चार छात्रा स्वयंसेवक का चयन किया गया है। स्वयंसेवकों का संस्कृतिक का आयोजन किया जाता है, जिसमें अपने राज्य की संस्कृति और कला का प्रदर्शन स्वयंसेवक राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करते हैं। कुलपति अचार्य डॉ एस डी एन बाजपेयी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिंह , डॉ एच.एस होता, डॉ प्रमोद,डॉ एस के शर्मा प्राचार्य पूरा रासेयो परिवार स्वयंसेवकों को व कार्यक्रम अधिकारियों को महाविद्यालय कि उपलब्धियों पर बधाइयां दी।

आयोजन

## वन्दे मातरम मित्र मंडल के पथ संचलन में समाज की पूरी सहभागिता




**बिलासपुर।** वन्दे मातरम मित्र मंडल की 227 वीं बैठक विद्या नगर स्थित अम्बा टावर में आयोजित हुई। बैठक में सतनामी जन जागृति सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष विद्या शंकर भारद्वाज अपने साथियों सहित बैठक में उपस्थित हुए उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम् मित्र मंडल पिछले चार वर्षों से जातियों में बटे हिन्दू समाज को जोड़ने का कार्य कर रहा है, दलित एवं उपेक्षित वर्ग को मुख्य धारा में लाने का जो कार्य वन्दे मातरम मित्र मंडल कर रहा है सतनामी समाज उसकी प्रशंसा करती है। हम उनके प्रत्येक कार्य में सहभागी हैं,सतनामी समाज के बंधु बड़ी संख्या में 21 दिसंबर को होने वाले पथ संचलन में सम्मिलित होंगे। प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन ने बताया कि सामाजिक समरसता को बढ़ाने के लिए पथ संचलन का आयोजन पिछले दो वर्ष से किया जा रहा है।

## सर्वाइकल कैंसर: समय पर पहचान से रोकथाम संभव

**सिम्स अस्पताल में महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, समय पर पहचान एवं उपचार को लेकर एक दिवसीय निरंतर चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को सर्वाइकल कैंसर से संबंधित आधुनिक चिकित्सकीय जानकारियों से अवगत कराया गया। कार्यशाला में देशभर से 200 प्रतिभागी शामिल हुए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यशाला में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सर्वाइकल कैंसर के कारणों, जोखिम कारकों, प्रारंभिक लक्षणों, जांच की आधुनिक तकनीकों जैसे पैप स्मीयर एवं एचपीवी टेस्ट, साथ ही उपचार की उपलब्ध विधियों पर जानकारी दी गई।

वक्ताओं ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है, जिसकी समय पर पहचान एवं नियमित जांच के माध्यम से प्रभावी रोकथाम संभव है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि एचपीवी टीकाकरण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं नियमित चिकित्सकीय परामर्श के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर के मामलों में कमी लाई जा सकती है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों के साथ प्रश्नोत्तरी सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें चिकित्सकों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान विशेषज्ञों से प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मधूमिता मूर्ति, अधिष्ठाता सिम्स, आर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. मानू प्रताप सिंह, संचालक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी सिम्स बिलासपुर व चिकित्सा अधीक्षक सह-संयुक्त संचालक, केएसएसडीएस जेजे शासकीय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कोनी आर्गनाईजिंग को-वेयरमैन डॉ. साधना बागड़े एसोसिएट प्रोफेसर व आर्गनाईजिंग सेक्रेटरी डॉ. चित्रांगी पी. बरपाण्डेय एसोसिएट प्रोफेसर पैथोलॉजी विभाग सिम्स रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ वक्ता डॉ. सुप्रिता नायक जी.एम.सी. नागपुर द्वारा सर्वाइकल कैंसर के ग्लेन्डुलर लीसन्स विषय पर जानकारी के साथ किया गया।






### सिम्स में सर्वाइकल कैंसर पर कार्यशाला

देशभर से 200 प्रतिभागी ऑनलाइन शामिल

कार्यशाला में देशभर से लगभग 200 प्रतिभागी ऑनलाइन शामिल हुए। छत्तीसगढ़ व आसपास राज्यों के प्रतिभागी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. ज्योति पोते. डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय सिंह, डॉ. आकृति शर्मा, डॉ. रश्मि नायक, डॉ. मनोज क्षत्री, डॉ. ईशान साहू डॉ. रश्मि साहू, डॉ. नागेन्द्र साहू, डॉ. प्रभाकर प्रधान, डॉ. सौम्य रंजन, डॉ. प्रशांत ठाकुर, डॉ. असीम आनंद मसीह, डॉ. मुकुन्द शर्मा तथा समस्त पी.जी. स्टूडेंट का योगदान रहा।

कार्यक्रम

## 'एडुविज़न 2047' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार कल

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आगामी 19 एवं 20 दिसंबर को "एडुविज़न 2047" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह संगोष्ठी उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित एवं आइक्यूएसी बिलासा महाविद्यालय द्वारा आयोजित है। इस संगोष्ठी का उद्देश्य



भारत की शिक्षा-दृष्टि 2047 को केंद्र में रखते हुए नवाचार, भारतीय ज्ञान परंपरा, समावेशी शिक्षा, तकनीकी एकीकरण एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा के संदर्भ में शिक्षा के भविष्य पर गंभीर विमर्श करना है। संस्था प्रमुख डॉ. एस.आर. कमलेश के अनुसार सेमिनार में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रख्यात शिक्षाविद, शोधकर्ता, नीति-निर्माता, शिक्षक एवं छात्र सहभागिता करेंगे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ जीए घनश्याम होंगे। डॉ अमित दुबे, डॉ राकेश सोनी, डॉ आर एस खेर,डॉ सीमा मिश्रा,डॉ ब्रजेश तिवारी, डॉ एम एन त्रिपाठी, डॉ एसएस ठाकुर, डॉ धीरेंद्र सिंह छत्री और डॉ शुभ्रा मिश्रा विषय विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा मुख्य व्याख्यान, तकनीकी सत्र तथा खुले विचार-विमर्श आयोजित किए जाएंगे।

## नववर्ष के स्वागत की तैयारी, होंगे म्युजिकल शो

**बिलासपुर।** लाइव कंसर्ट और डीजे म्यूजिक के साथ नववर्ष-2026 का वेलकम करने इस बार भी बड़े होटलों को रंगीन लाइटों से रोशन करने और आकर्षक साज-सज्जा से आने वाले लोगों को माहौल देने के लिए आयोजकों ने तैयारी शुरू की है। शहर के होटलों में समय से पहले म्यूजिकल रॉक बैंड के साथ स्टार्स को लाने के लिए प्रयास तेज किया है। हालांकि अभी पैकेज और कौन से सेलिब्रिटी न्यू ईयर का हिस्सा बनने वाले हैं, इसका अंतिम निर्णय ज्यादातर होटलों में होना बाकी है, लेकिन होटल को उत्सव के लिए सजाने का सिलसिला तेज हो गया है।

'साल 2026 को सेलिब्रेट करने वालों की तैयारी शुरू हो गई है। बढ़ते क्रेज को देखते हुए कई फार्म हाउसों में पैकेज की सुविधा मिलती है। इसे देखते हुए लोग अभी से फार्म हाउसों का रुख करने लगे हैं। नौकरीपेशा और व्यापारी वर्ग ही नहीं, परिवार से दूर रहने वाले भी नए साल को खुशनुमा माहौल में मनाने के लिए फार्म हाउसों में जाने लगे हैं। इसे देखते हुए फार्म हाउसों की साज सज्जा ऑनर्स करा रहे हैं। इसमें किसी फार्म हाउस में लोगों को सेलिब्रेशन, तो किसी जगह फैमिली को खुशनुमा माहौल देने पैकेज तय होने का इंतजार है।

### लाइव कंसर्ट के बीच ले सकेंगे व्यंजनों का स्वाद

कोर्टयार्ड बाय मैरियट जैसे 5 स्टार लक्जरी सुविधा वाले होटल में इस बार यूथ और फैमिली के लिए अलग-अलग लॉर्जेस्ट डिनर बुफे सजाने की तैयारी है। 31 दिसंबर की रात 8 बजे से ही साल 2025 का काउंडाउन शुरू होगा, जो रात 12 बजे तक चलेगा।



### दिल्ली, इंदौर, रायपुर के बैंड और डीजे की धूम

न्यू ईयर को यादगार बनाने के लिए इंदौर की रॉक बैंड टीम, म्यूजिकल टीम लोगों को खुशनुमा पल का एहसास कराने वाली है। इसके लिए तैयारी तेज हो गई है। होटल के हरेंद्र शर्मा ने बताया कि अभी तक एंट्री की दरें तो तय नहीं की गई है. लेकिन इस बार एक ही कैंपस में लॉसी, लॉन सहित तीन जगह नववर्ष सेलिब्रेशन का अवसर लोगों को दिया जाएगा। प्रस्तुति देने के लिए इस बार अलग-अलग बैंड से जुड़ी टीमें आएगी। सेलिब्रेशन के लिए तैयारी का दौर जारी है।

### नववर्ष के स्वागत में युवा एडवांस में रिसोर्ट करा रहे बुक

नाए साल पर प्रदेश का मैनपाट और कुरवर घाटी के रिसोर्ट पर्यटकों से गुलजार रहेंगे। इस बार नववर्ष के स्वागत के लिए युवाओं की पहली पसंद इन्हें ही बताया जा रहा है। विभाग के मुताबिक सभी रिसोर्ट नए साल के लिए बुक हो चुके हैं। बार नवापारा के रिसोर्ट फुल होने से कई लोगों ने सिरपुर में भी इस बार रिसोर्ट बुक कराए हैं। बस्तर और जशपुर के रिसोर्ट भी 25 दिसंबर से 2 जनवरी तब बुक हो चुके हैं। नए साल के लिए लोगों ने ठंडी जगह को चुना है। अब जश्न मनाने के लिए पर्यटक विभाग के टैंट भी बुक करा रहे हैं, ताकि रात में सुरक्षित रह सकें। जंगलों व पहाड़ी क्षेत्रों में बने प्राइवेट रिसोर्ट में भी बुकिंग अधिक है।

## सिंधी कल्चर-डे पर संगीतमय प्रस्तुति






**बिलासपुर।** सिंधी कल्चर डे के अवसर पर डाडो सुथो फेस्ट में पहली बार भव्य सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संत सांई लाल दास के सुपुत्र वरुण सांई छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के कार्यकारी अध्यक्ष,महासचिव पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष एवं संरक्षक बिलासपुर के सर्व वार्ड पंचायत के मुखी,महिला विंग,युवा विंग अध्यक्ष एवं पार्षद गढ़ उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में भारत देश के सिंधी समाज के रॉकस्टार निल तरलेजा मुंबई, एंकर सौम्या पंजवानी कानपुर, डीजे एबलेज पुणे विशेष रूप से कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र रहे, अपनी एंकरिंग से सब का मन मोह लिया। सौम्या ने और जैसा की रॉकस्टार नाम के जाने जाते है कलाकार नील अपनी सुरीली मधुर आवाज से एक से बढ़कर एक सिंधी नए- पुराने गीत कलाम की शानदार प्रस्तुति दी। भगवान झूलेलाल भक्त कंवर राम सहिद हेमू कालाणी सिंधु सम्राट राजा दाहिर सेन के जीवन के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जयसवाल उपस्थित रहें।

स्पोर्ट्स न्यूज

उपविजेता बिलासपुर सेक्टर बना

## बास्केटबॉल में दुर्ग की टीम विजेता

**बिलासपुर।** एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस बोदरी की मेजबानी में आयोजित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता के फाइनल में दुर्ग सेक्टर ने बिलासपुर सेक्टर को 15 अंको से हराकर विजेता बना और उपविजेता बिलासपुर सेक्टर बना।

इस संबंध मे जानकारी देते महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आबंटित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल स्पर्धा का आयोजन



एलसीआईटी कैंपस में हुआ, प्रतियोगिता का खिताब दुर्ग सेक्टर ने बिलासपुर सेक्टर को 50-35 के मुकाबले 15 अंको से हराकर विजेता बना। बिलासपुर सेक्टर क्वाटर फाइनल मुकाबले में सरगुजा सेक्टर को और सेमीफाइनल मे बिलासपुर सेक्टर ने रोमांचक मुकाबले में रायपुर सेक्टर को 59-57 के मुकाबले 2 अंको से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया है। वही दुर्ग सेक्टर ने क्वाटर फाइनल में बलौदाबाजार सेक्टर को और सेमीफाइनल मुकाबले में रायगढ़ सेक्टर को 54-34 के मुकाबले 20 अंको से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया था। प्रतियोगिता के निर्णायक छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल संघ के निर्णायक राष्ट्रीय निर्णायक उमेश सिंह, मोहम्द अफरोज, वीरेन्द देशमुख, आंनद सिंह अमित पिल्लै, शैलेश मिश्रा, पवन निषाद और विशाल टंडन ने मैच सपन्न कराया।

नेशनल स्कूल गेम्स

## शिवांगिनी ने जीता सिल्वर मेडल

नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमें शिवांगिनी पांडे ने 50 मीटर बटरफ्लाई में सिल्वर मेडल प्राप्त कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। शिवांगिनी ने बताया कि यह सब इसलिए हो पाया है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ बिलासपुर मंडल संचालित तरण ताल को रेल्वे के अधिकारी द्वारा रेल कर्मचारियों के लिए पूरे वर्ष चालू रखते है, जिसमें रेलवे कर्मचारियों के बच्चे अभ्यास करते हैं। शिवांगिनी ने कहा कि यह उसीका परिणाम है।



हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि बिलासपुर आने पर शिवांगिनी पांडेय का रेल तरन ताल में भव्य स्वागत किया गया, इस अवसर पर उप महाप्रबन्धक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे समीर कांत माथुर, संयुक्त सचिव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ एवं मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अमरनाथ सिंह, सतीश सिंह ठाकुर,हेमंत सिंह परिहार, संतोष पाल,आनंद कुमार, दर्शन छाबड़ा, अरूप धारा,जितेंद्र नायडू,बी एस यादव,डॉ अजय सिंह, डॉ अजय यादव, टी रमेश बाबू, सानंद वस्त्रकर, दिनेश सिंह सागर सिंह परिहार,राजू दास,विनय सिंह, सुबीर मांझी, सुनीता शर्मा, मनीषा सिंह, रमा सिंह उपस्थित थे।

37वें ऑल इंडिया एडवोकेट्स क्रिकेट टूर्नामेंट

## एडवोकेट्स की टीम श्रीलंका जाएगी

छत्तीसगढ़ एडवोकेट्स की टीम 37वें ऑल इंडिया एडवोकेट्स क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए श्रीलंका जा रही है। यह टूर्नामेंट एक महत्वपूर्ण आयोजन है जिसमें देश भर के वकील क्रिकेट प्रेमी अपनी टीमों के साथ भाग लेते हैं।इस बार इस टूर्नामेंट के लिए बिलासपुर से 6 खिलाड़ियों का चयन किया गया है जिसमें एडवोकेट पवन केशेरवानी, राहुल तमस्कर, यथार्थ सिंह,शाकिब अहमद व दीपक अग्रवाल और स्टैंड बाय में शुभम सिंह को रखा गया है। इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन के आधार पर इंडिया



एडवोकेट्स की टीम का चयन किया जाएगा जो साउथ एशिया क्रिकेट टूर्नामेंट खेलेगी जिसमें पाकिस्तान बांग्लादेश व श्रीलंका के कई दिग्गज एडवोकेट शामिल होंगे, तत्पश्चात इस टूर्नामेंट के तुरंत ही बाद एडवोकेट्स वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन लंदन में किया जाएगा जिसमें इंडिया के वकील शिरकत करेंगे और इंडिया की एडवोकेट्स की टीम लंदन में होने वाले एडवोकेट्स वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगी। छत्तीसगढ़ एडवोकेट्स की टीम इस टूर्नामेंट में प्रतिभा दिखाने के लिए उत्सुक है। टीम के सदस्यों ने कड़ी मेहनत की है और वे अपने खेल को सर्वोच्च स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। टूर्नामेंट के दौरान, टीम के सदस्य अपने खेल के साथ-साथ श्रीलंका की संस्कृति और सौंदर्य का भी अनुभव करेंगे। वकील और क्रिकेट प्रेमी एक साथ आकर अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे।


पूज्य बाबा गुरू घासीदास जयंती
के अवसर पर
अतिथि मान. मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी
एवं समस्त अतिथियों का हार्दिक स्वागत.....
कार्यक्रम- समय : दोपहर 01 बजे से स्थान : सेतगंगा धाम
12 बजे से शाम 08 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम पं. शिवकुमार तिवारी
संकलनकर्ता- जयकुमार ताम्रकार, हरिभूमि, जिला प्रतिनिधि, जिला कार्यालय मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैंप में 12 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन



**मुंगेली।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला रोजगार कार्यालय द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जमकोर में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य युवाओं को निजी क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न रोजगार अवसरों से जोड़ना और उनकी कौशल क्षमता के अनुरूप उपयुक्त पदों पर चयन सुनिश्चित करना था। प्लेसमेंट कैंप में 44 आवेदक उपस्थित हुए, इनमें से 12 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। द्वितीय साक्षात्कार के उपरांत 7 दिन के भीतर अंतिम नियुक्ति दी जाएगी। कैम्प में दो निजी कंपनियों-नियोजकों ने भाग लिया, जिन्होंने उपस्थित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर उनकी योग्यता, संप्रेषण कौशल, व्यवहारिक बुद्धिमत्ता और क्षेत्रीय समझ का परीक्षण किया।

### 8 लीटर महुआ शराब सहित 40 किलो महुआ लाहन जब्त



**मुंगेली।** जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देश पर आबकारी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में आबकारी वृत्त पथरिया द्वारा ग्राम गोइन्द्री में छापेमार कार्यवाही कर 8 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 40 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि, आरोपी कार्तिक राम यादव को मौके से पकड़कर उसके विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2) तथा 59(क) के तहत वैधानिक प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि, जिले में अवैध शराब एवं अपराधिक गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है एवं आगे भी ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बने दिनेश



**सरगांव।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सरगांव के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश जायसवाल को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। नपं अध्यक्ष परमानंद साहू ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा कि, दिनेश जायसवाल की यह नियुक्ति उनके संगठनात्मक अनुभव, सक्रियता एवं पार्टी के प्रति निष्ठा का परिणाम है। नई जिम्मेदारी पर श्री जायसवाल ने कहा कि, संगठन ने मुझ पर विश्वास जताया है बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, मैं पूरी ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वाह करूंगा। उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेताओं के से लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया है।


### डीएवी गोढ़ी में वार्षिक खेलकूद समारोह



**बिल्हा।** डीएवी पब्लिक स्कूल गोढ़ी में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद दिवस समारोह का समापन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह बैस चीफ सिक्यूरिटी ऑफिसर हाई कोर्ट बिलासपुर, केएन मिश्रा सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी जोन जे बिलासपुर, विनय श्रीवास्तव प्राचार्य देवरीखुर्द, श्वेता श्रीवास्तव प्राचार्य वेदपरसदा, अमित कुमार प्रभारी प्राचार्य कोटा, राजेंद्र पांडे सिक्यूरिटी डिपार्टमेंट हाईकोर्ट उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि, वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हमें अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना सिखाती है। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। जीत-हार से ऊपर उठकर खेल भावना अपनाएं। एआरओ ने कहा कि, वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता प्रतिभा, अनुशासन और सहयोग का उत्सव है।

## पॉलिटिक्स प्लस

### समर्थकों ने उत्साह के साथ मनाया त्रिलोक का जन्मदिन



**बिलासपुर।** जिले के लोकप्रिय कांग्रेस नेता त्रिलोक चन्द्र श्रीवास के जन्मदिवस के अवसर पर 16 दिसंबर को बिलासपुर सहित अन्य स्थानों में दर्जनों कार्यक्रम आयोजित किए गए। उनके समर्थकों, सहयोगियों, समाज के लोगों ने जगह-जगह विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया।जन्मदिन के मौके पर रात के समय उनके निवास कोनी में ढोल-ताशे के साथ आतिशबाजी करते हुए हजारों समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर बेलतरा, बिलासपुर, मुंगेली, लोरमी सहित अन्य स्थानों से लोग उनके निवास स्थान पहुंच कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। जन्मदिन पर वृद्धा आश्रम एवं चिकित्सालय में फल वितरण वस्त्र वितरण भी किया गया।

## 367 ग्राम पंचायतों में जीआईएस आधारित प्लानिंग

# युक्तधारा पोर्टल से बनेगी मनरेगा की वैज्ञानिक कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिले में युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जीआईएस एवं सैटेलाइट आधारित वैज्ञानिक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस अभिनव पहल से जिले का आगामी लेबर बजट तय होगा, जिससे रोजगार सृजन के साथ-साथ मनरेगा के कार्यों के चयन, क्रियान्वयन एवं निगरानी में पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चत होगी।

केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर जिले के सभी विकासखंडों में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। योजना में तालाब, डबरी, जलग्रहण क्षेत्र, सिंचाई संरचनाएं एवं अन्य जल संसाधन आधारित कार्यों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जा रहा है। जिले की कुल 367 ग्राम पंचायतों में से अब तक 180 ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना युक्तधारा पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी है, जबकि शेष पंचायतों में योजना निर्माण एवं अपलोड की प्रक्रिया तीव्र गति से जारी है। इस संबंध में जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।



**लोरमी, मुंगेली और पथरिया में प्रभावी क्रियान्वयनः** लोरमी, मुंगेली और पथरिया जनपद पंचायतों में यह प्रणाली प्रभावी रूप से लागू की गई है। मैदानी अमले एवं अधिकारियों को युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जीआईएस व क्लार्ट मैप आधारित डेटा के उपयोग हेतु प्रशिक्षित किया गया है, जिससे योजनाओं का चयन अधिक सटीक और परिणामोन्मुख हो रहा है।

**जल संरक्षण व रोजगार सृजन पर विशेष जोरः** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि, युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से तैयार की जा रही कार्ययोजनाएं वैज्ञानिक, तथ्यपरक और दीर्घकालीन विकास की आधारशिला हैं। इससे ग्राम पंचायतों में संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा और ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी। योजनाओं में जल संरक्षण, जल संवर्धन, सिंचाई सुविधाएं, कृषि सहायक गतिविधियां और टिकाऊ परिसंपत्ति निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इससे न केवल प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर प्रबंधन होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार सृजन को भी मजबूत आधार मिलेगा।

### जीआईएस व क्लार्ट मैप से कार्यों का वैज्ञानिक चयन

युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जीआईएस एवं क्लार्ट मैप आधारित आंकड़ों का उपयोग कर गांवों के प्राकृतिक संसाधन, जल संरचनाएं, कृषि भूमि, नालियां, सड़कें, तालाब एवं अन्य परिसंपत्तियों की डिजिटल मैपिंग की गई है। इसके आधार पर पंचायतों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप विकास कार्यों का चयन किया गया। सभी 367 ग्राम पंचायतों में ग्राउंड-ट्रुथिंग पूर्ण कर ली गई है तथा पंचायत स्तर पर तैयार कार्ययोजनाओं को ग्राम सभाओं से अनुमोदन भी प्राप्त हो चुका है।

### पारदर्शिता, रोजगार और टिकाऊ विकास को बढ़ावा

जीआईएस आधारित योजना से मनरेगा के अंतर्गत कार्यों के चयन, क्रियान्वयन एवं निगरानी में पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित होगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी और दीर्घकालीन व टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण संभव होगा।

# जिला प्रभारी चौरसिया ने ली विभिन्न मंडलों की बैठक



**मरवाही।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री और जीपीएम की भाजपा संगठन प्रभारी ऋतु चौरसिया ने जिला प्रभारी का पद संभालते ही अपना पहला संगठनात्मक और परिचयात्मक दौरा किया। इस दौरान सुश्री चौरसिया ने मंडलवार बैठकर ली तथा मरवाही विधानसभा के कार्यकर्ताओं का हाल जाना। बैठक के सिलसिले में उन्होंने सर्वप्रथम सद्भावना भवन मरवाही में उत्तर मरवाही मंडल की बैठक ली। इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ ऋतु चौरसिया का स्वागत किया। भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष कमलेश यादव, महामंत्री द्वय गिरीश राय एवं युवराज केवट सहित मंडल के अन्य पदाधिकारियों से भेंट कर चौरसिया ने कार्यकर्ताओं के साथ परिचयात्मक बैठक की। इसके पश्चात देवस्थान धनपुर के सामुदायिक भवन में अगली बैठक आयोजित की गई, जहां उन्होंने दक्षिण मंडल के सभी कार्यकर्ताओं से भेंट करते हुए उन्हें शासन की योजनाओं और प्रयासों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु निर्देशित किया। मरवाही के मंडल की बैठकों के उपरांत पेंड्रा और गौरेला क्षेत्र के मंडलों की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई, जहां भारी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान सुश्री रितु चौरसिया ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा भारत को वैश्विक गुरु बनाने के उद्देश्य से जो कार्य किए जा रहे हैं, इससे समस्त कार्यकर्ताओं के हर साथ-साथ भारतवासी गौरवान्वित हो रहा है।



# अरईबंद में न्यायालय परिसर स्टाफ आवास का भूमिपूजन

**तखतपुर।** चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने ग्राम अरईबंद में प्रस्तावित तखतपुर न्यायालय परिसर एवं स्टाफ आवास का वर्चुअली भूमिपूजन किया। इस अवसर पर न्यायिक अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

कार्यक्रम में एडीजे किरण त्रिपाठी, पुष्पलता मार्कण्डेय, सिविल जज तखतपुर, कोटा एवं रतनपुर से संबंधित न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही अधिवक्ता संघ तखतपुर एवं कोटा क्षेत्र के अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने इस निर्माण कार्य को न्याय व्यवस्था को और अधिक सुलभ, सशक्त एवं सुविधाजनक बनाने की दिशा में मील का पत्थर बताया। प्रस्तावित परिसर के निर्माण से क्षेत्र के वादकारियों एवं अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सत्येंद्र जायसवाल, विवेक पाण्डेय, प्रदीप तिवारी, अशोक ठाकुर, अजय सोनकर, दुर्गा ठाकुर, पारथ सिंह ठाकुर, मलय जहानी, छवि राज क्षत्री, दिलीप क्षत्री, आवेश जान, सतीश कश्यप, रूपेश तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण पर चलाया गया बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

सरगांव के समीप रायपुर नेशनल हाइवे पर संचालित ढाबे के विरुद्ध प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। आमजनों की सुरक्षा एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मोहभट्टा में नेशनल हाइवे पर स्थित ढाबा बरामदेव को संचालक को हाईकोर्ट अतिक्रमण हटाने को लेकर नोटिस जारी किया था। जवाब में ढाबा संचालक ने एक निश्चित समय में अतिक्रमण हटाने की बात कही, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया। इस पर प्रशासन में सक्रियता दिखाते ढाबा में निर्मित भवन को जेसीबी से तोड़ दिया।

### न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई

उच्च न्यायालय के स्वतः संज्ञान, जनहित याचिका के द्वारा प्रदत्त आदेश के परिपालन में विधिवत सुनवाई कर कार्रवाई की गई है।

–**अतुल वैष्णव**, तहसीलदार

### आगे भी उठाए जाएंगे सख्त कदम

सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और भविष्य में भी इस प्रकार के अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ ही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु संबंधित सड़क मार्ग पर ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन, रंबल स्ट्रिप, रोड डिमार्केशन, हाई रेजोल्यूशन कैमरा सहित अन्य आवश्यक यातायात सुरक्षा व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

– **रेखा चंद्रा**, पथरिया एसडीएम



# धान खरीदी में अनियमितता को लेकर किसानों का चक्काजाम

**मरवाही।** धान खरीदी में अनियमितताओं को लेकर मरवाही में भारतीय किसान संघ के बैनर तले चक्काजाम कर हड़ताल की गई, जिसमें सभी दल के नेताओं ने अपनी सहभागिता देकर किसानों के अधिकार के लिए आवाज बुलंद की। आंदोलन सिवनी तिराहा चौक में किया गया, जिसमें किसानों ने रोड जाम करते हुए धान बेचने के सबंध में अपनी-अपनी समस्याओं से मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया। किसानों ने खरीदी केंद्र में खरीदी की लिमिट कम होना, वारिसान पंजीयन रकबा संसोधन आदि समस्याओं को सामने रखा। दोपहर 3 बजे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवेंद्र सिरमौरे उच्च अधिकारियों के निर्देश के अनुसार जानकारी दी कि, सोमवार तक लिमिट को बढ़ाया जायगा एवं सभी का कटेगा, साथ ही जो भी दिक्कतें आ रही है उसका निराकरण तहसील कार्यालय से वे स्वयं कराएंगे। अनुविभागीय अधिकारी के आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। हड़ताल में राम नारायण राय, गोविंद प्रसाद, मदनलाल, बूंदकुंवर मास्क, राजेन्द्र राय, दौलत राय सहित बड़ी संख्या में, किसान मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम साव से मिले नपा अध्यक्ष जालान



**पेंड्रा।** नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर नगर के समग्र विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने नगर में विभिन्न विकास कार्यों हेतु 20 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले प्रस्तावों का मांग-पत्र सौंपा। श्री जालान ने पूर्व में नए नल कनेक्शन के लिए 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर मंत्री श्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। मंत्री श्री साव ने उन्हें आश्वस्त किया कि नगर के विकास से संबंधित सभी मांगों को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाएगा। मांग-पत्र में प्रमुख रूप से पेंड्रा बायपास रोड का निर्माण, तालाबों का सौंदर्यीकरण, नए बस स्टैंड से सेमरा तिराहा तक गौरव पथ निर्माण, दुर्गा चौक से दुर्गा सरोवर तक गौरव पथ निर्माण, गर्ल्स स्कूल एवं बाड़ा स्कूल का जीर्णोद्धार तथा पेंड्रा से गौरेला मुख्य सड़क के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। राकेश जालान ने कहा कि, इन कार्यों के पूर्ण होने से नगर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ आवागमन, शिक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# अटल ने विधानसभा में विभिन्न मुद्दों पर किया ध्यानाकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने ध्यानाकर्षण सूचना के तहत विधानसभा में कोटा क्षेत्र के राशन हितग्राहियों को ऑनलाइन राशन वितरण नहीं होने के संबंध में आवाज उठाई। अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा मे बताया कि, कोटा विधानसभा क्षेत्र जनजाति बाहुल्य एवं वनांचल क्षेत्र है। विधानसभा के ग्राम नेवसा, शिवतराई, दवनपुर, झिंगटपुर, परसापानी, तेंदूभाठा, कुरदूर, पुडू, उमरिया, दादर, पटैता, बहेरामुड़ा एवं अन्य ग्रामों की राशन दुकानों में नेटवर्क नहीं होने के कारण निवासियों को राशन लेने घंटो लाइन में खड़ा होना पड़ता है। यहां सर्वर नहीं होना आम समस्या है। ऑफलाइन राशन वितरण व्यवस्था नहीं होने के कारण हजारो गरीब आदिवासी राशन दुकान का चक्कर लगाते रहते हैं। संबंधित मंत्री को एवं शासन-प्रशासन को मामला अवगत कराया जा चुका है, फिर भी इस पर ध्यान नहीं दिया जाना आक्रोश का विषय है।

### किसानों को धान बिक्री में हो रही समस्या

विधायक अटल श्रीवास्तव ने करते हुए बताया कि, कोटा विस के हजारों किसान वन अधिकार पट्टे से प्राप्त भूमि में खेती करते हैं, लेकिन किसानो के धान का पंजीयन अधिकारी नहीं कर रहे हैं। इसके कारण समितियां धान की खरीदी नहीं कर रही हैं। उसी तरह उन्होंने ने बताया कि, गिरदावरी एग्रीस्टेट पोर्टल में हजारों किसानों के धान का रकबा काट दिया गया है। ऑनलाईन में फसल निरंक अथवा धान की जगह अन्य फसल का नाम दर्ज कर दिया गया है, जो किसान प्रतिवर्ष धान बेचते आ रहे हैं, उनका भी रकबा पूरी तरह से काट दिया गया या रकबा कम कर दिया गया है। किसान लगातार तहसीलदार एवं समितियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कोई निदान नहीं हो रहा है, टोकन नहीं दिया जा रहा है। 70 प्रतिशत ऑनलाइन और 30 प्रतिशत आफलाइन टोकन प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई है, लेकिन सर्वर की समस्या से ऑनलाइन टोकन प्राप्त करने में किसान असमर्थ हो रहे हैं।

### केन्द्रीय विवि के छात्र की मौत का मामला उठाया

अटल श्रीवास्तव ने शून्य काल में गुरू घासीदास विवि बिलासपुर में 21 वर्षीय छात्र असलान अंसारी की हत्या का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि 2 दिन से छात्र छात्रावास से लापता था, लेकिन विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई एवं लाश मिलने यूनिवर्सिटी प्रबंधन छात्र की मौत को केवल हादसा बताती रही। उन्होंने कहा कि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अंदरूनी चोट से मौत की जानकारी सामने आती है, लेकिन अब तक परिवार को न्याय नहीं मिला।

# शिक्षा गुणवत्ता सुधार को लेकर डीईओ ने ली प्राचार्यों की बैठक



**लोरमी।** शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत परीक्षा परिणाम मे सुधार एवं छात्रवृति पंजीयन के सम्बंध में स्वामी आत्मानंद स्कूल के सभाकक्ष में विकासखंड के 44 प्राचार्य एवं 47 संकुल समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे, बीइओ मनीषा पाटले, जिला श्रोत समानवयक डीसी डाहिरे, सुनील शर्मा उपस्थित रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहीरे ने कि, हर एक स्कूल में कमजोर बच्चों की एक सूची बनाएं तथा हर विषय शिक्षक हर एक कमजोर बच्चे को व्यक्तिगत रूचि लेते हुए उनकी समस्याओं को हल करने मे मदद करें। बीईओ मनीषा पाटले ने विस्तार से बोर्ड परीक्षा में 100 फतिशत रिजल्ट लाने हेतु उपस्थित प्रचार्यो को नियमित उपस्थिति, गृहकार्य, शुद्ध लेखन मेंटर नियुक्ति एवं कम अच्छे बच्चे एवं अधिक अच्छे बच्चों में समानता लाने जैसे विषयों पर जोर दिया। जिले मे संचालित 8 आत्मानंद स्कूल के नोडल प्राचार्य अरुण जायसवाल ने अपने अपने स्कूल के एक छात्र अथर्व साहू के बारे में बताते हुए कहा कि, शाला समय के पश्चात अथर्व के घर जाकर उसका हौसला बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर प्राचार्य अरुण जायसवाल, विष्णु राठौर, अंकिता जानसान, कंचन कर्मकार, विजय विश्वकर्मा ,शिफाली सोनी, वैभव आनंद, बीआर चेलक, दीपक जोशी एवं स्टाफ एवं विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

### भाजपा पदाधिकारियों की विधानसभा स्तरीय बैठक

**तखतपुर।** तखतपुर भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी वस्तुओं को जीवन मे अपनाने हेतु घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने हेतु रणनीति पर चर्चा की गई। इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के जिला सयोजक एवं जिला महामंत्री प्रदीप कौशिक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक के मार्गदर्शन व आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त हए तथा सभी ने स्वदेशी संकल्प पत्र भरा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश राजपूत,मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू, रवि मेहर, दिनेश साहू, प्रीतम कश्यप, प्रमोद ठाकुर, नरेंद्र रात्रे, हनी पांडेय, देवेंद्र कश्यप, तुलसी कौशिक, शैलेंद्र कौशिक, विनोद कौशिक, उतरा कश्यप, बलराम पटेल,शिव यादव, मोहन लाल पाटले, संजय साकत, संत राम लहरे, सूरज रजक, चैतराम एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नैन लाल साहू मंडल अध्यक्ष एवं आभार रविमेहर मंडल अध्यक्ष ने किया।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री डॉ. विद्यानंद प्रसाद पिता श्री भगवानदास उम्र 73 वर्ष जाति कायस्थ निवासी बेगलूरू कर्नाटक के स्वामित्व हक की भूमि मौजा चांटीडीह प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. सरकंडा वि.खं. बिल्हा तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.) नगर निगम सीमा क्षेत्र के वार्ड 57 में स्थित खसरा नं. 207/8 कुल क्षेत्र 2400 वर्गफीट व्यपवर्तित भूमि जिसका शीट नं. 10 व भूखण्ड क्रमांक 60 है खरीदने का पक्का सौदा श्री हरिहर प्रसाद लाल पिता स्व. श्री योगेन्द्र प्रसाद लाल बिलासपुर द्वारा किया गया है। जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है पश्चिम में 22 फीट निस्तारी रास्ता पूर्व में अन्य की भूमि दक्षिण में भोई का मकान एवं उत्तर में नीना प्रसाद की भूमि है। इसका पंजीयन शीघ्र किया जाना है। इस बाबत् किसी व्यक्ति संस्था शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपित्त प्रकट कर सकता है तथा उसके पश्चात की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

भवदीय
अमित सिंह चौहान
अधिवक्ता
बी-9, प्रगति विहार,
बहतराई रोड, बिलासपुर
मा.- 827401534, 9329787756

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //

क्रमांक/क/अति.तह. / वा./ 2025
बिलासपुर, दिनांक 15/12/2025
रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26
ग्राम मंगला, प.ह.नं.-35

एतदद्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मंगला, प.ह.नं.-35 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका आन्या श्रीवास्तव पिता श्री आशीष श्रीवास्तव, निवासी 27 खोली, इन्द्रसेन नगर मंगला, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं आन्या श्रीवास्तव पिता श्री आशीष श्रीवास्तव के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWSs) के लिए आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 30/12/2025 को दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बिल्हा जिला, बिलासपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

क्रमांक /Q/ अ.वि.अ./वा-3/2025
बिल्हा, दिनांक 09.12.2025
प्रकरण क्रमांक 01/बी-121/2025-26
ग्राम धौराभाठा प.ह.नं. 13, तह. बिल्हा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक एम एल डेव्हलपर्स द्वारा भागीदार मनीष लाहोरानी पिता जेठानंद लाहोरानी निवासी महामाया विहार वेयर हाउस रोड बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा ग्राम पंचायत धौराभाठा प.ह.नं.13 तहसील बिल्हा क्षेत्रांतर्गत कालोनाईजर के रजिस्ट्रीकरण बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त विषय में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो वे निर्धारित तिथि 24.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 09.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बिल्हा जिला, बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता स्व. माखन लाल पाण्डेय की पैतृक आबादी भूमि खसरा नंबर 3112 में से टुकड़े पर साकिन ग्राम रतनपुर करैहापारा तहसील रतनपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. में आबादी आवासीय मकान बना हुआ था, जिस पर सभी परिवार निवासरत रहे है, जिसका आपसी बंटवारा दिनांक 15.02.2010 को हुआ था, जिसमें भाई रामकुमार पाण्डेय, राजकुमार पाण्डेय, ध्रुव कुमार पाण्डेय के मध्य हुआ था जिसमें मेरे आसामी के मकान के सामने मेन रोड करैहापारा मार्ग पर रामकुमार पाण्डेय को आवासीय मकान दिया गया था, जिसमें शर्त रही थी कि रामकुमार पाण्डेय द्वारा निजी रिहाईशी मकान का उपयोग, उपभोग करेगा और अपने परिवार के लोगों के पास विक्रय कर दखल कब्जा देगा। मेरे आसामी के भाई रामकुमार पाण्डेय का स्वर्गवास हो गया है उसके बंटवारे की भूमि आबादी 27x40 वर्गफुट पर बने मकान को उसकी पत्नी श्रीमती त्रिवेणी पाण्डेय के द्वारा विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है जिस पर मेरे आसामी को पूर्ण आपत्ति है, वह स्वयं उसे क्रय करना चाहता है, उक्त भूमि का किसी भी व्यक्ति, संस्था द्वारा या अन्य प्रकार से क्रय विक्रय ना करे यदि किया जाता है तो सम्पूर्ण जवाबदारी उसकी होगी।

सो सूचना जानें।
दिनांक : 17/12/2025
स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
डी.एस.राजपूत (अधिवक्ता)
उच्च न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)
निवास: थाना पारा, रतनपुर,
जिला-बिलासपुर, मो. 9691332314

**आम सूचना**
**बाबत आपत्ति**

सर्वसाधारण एवं आम जनता के साथ सभी वित्तीय संस्थाओं को मैं हरबंश शुक्ल अधिवक्ता, अधिवक्ता विजयकृष्ण राव देशमुख चेम्बर अपने पक्षकार शरद शर्मा पिता स्व.कृष्ण लाल शर्मा की ओर से अधिकृत होकर सूचित करता हूँ कि उनके पैतृक सम्पत्ति ग्राम चुमकवां, प.ह.नं. 21, थाना रतनपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित है, जिसमें स्व.बेनीराम शर्मा के वारिसानों में से हिस्सेदार हैं, स्व.बेनीराम शर्मा के कनिष्ठ पुत्र स्व.मुकुंद लाल शर्मा के राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश खसरा क्रमांक 374/2, 375, 316, 317, 573 रकबा क्रमश: 0.386, 0.295, 0.4240, 0.9180, 0.9990 हे. जिसमें अपने पिता स्व.कृष्णलाल शर्मा एवं मुकुंदलाल शर्मा के जीवित समय से ही आवेदक शरद शर्मा पिता स्व.कृष्णलाल शर्मा काबिज चले आ रहे हैं। उपरोक्त त्रुटि को स्वीकार करते हुए एवं निराकरण हेतु सहमति/शपथ पत्र जारी किये गये थे, जिसकी त्रुटि सुधार के लिए माननीय संबंधित न्यायालय में वर्तमान में प्रकरण लंबित है।

यह कि उपरोक्त त्रुटि का लाभ उठाते हुए स्व.मुकुंदलाल शर्मा के वारिसों (आभा शर्मा, रंगा शर्मा) किसी अन्य से उक्त वर्णित संपत्तियों को विक्रय करने की कोशिश /सौदा करने में लगे हुए हैं जो कि अनैतिक एवं धोखाधड़ी है।

अत: जन साधारण और आम जनता, वित्तीय संस्थाओं को आगाह किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित रकबा, खसरे के संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का लेन-देन /ऋण इत्यादि जारी न करें, अन्यथा पंजीयन/ऋण दस्तावेज शून्य होगा जो स्वयं व्यवहारकर्ता की जवाबदेही होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक : 17/12/2025

भवदीय
हरबंश शुक्ल (अधिवक्ता)
मो.नं. 9801979876
वास्ते-शरद शर्मा, पिता-स्व.कृष्णलाल शर्मा


"गुरु पर्व"
संत शिरोमणी बाबा गुरु घासीदास जी
की जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री विजय वंदना हॉस्पिटल
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH
CERTIFIED
इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेस एण्ड रिसर्च सेन्टर
इंडियन पेट्रोल पंप के बाजू में, श्रीवास भवन के पास, मिनोचा कॉलोनी, न्यू स्मार्ट रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
डॉ. विजय कुमार कुर्रे
न्यूरोसर्जन एवं न्यूरोलॉजिस्ट
डायरेक्टर
श्री विजय वंदना हॉस्पिटल
डॉ. गणेश्वरी कुर्रे
सीनियर आयुर्वेद विशेषज्ञ
डॉ. राजेश्वरी उद्देश
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डायरेक्टर
डॉ. संतोष उद्देश
लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन
के. विहान
के. विवान
टी. आर. बाबा पात्रे
डायरेक्टर - विजय मेडिकल
श्रीमती पुष्परेखा पात्रे
भूपेंद्र उरांव
श्रीमती आराधना
एच.आर. मैनेजर
कारपोरेट कंपनी एवं इन्श्योरेंस कंपनी से संबद्धता
CSPDCL
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
SBI general INSURANCE
SURAKSHA AUR BHAROSA DONO
Aditya Birla Health Insurance Co. Ltd.
ADITYA BIRLA CAPITAL
MedSave INDIA
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY
अब आयुष्मान कार्ड द्वारा
इलाज और ऑपरेशन की सुविधा
न्यूरो विभाग
✓ न्यूरो सर्जरी, स्पाईन सर्जरी
✓ ब्रेन सर्जरी, नसों का दर्द एवं कमजोरी
✓ सिर की चोट, सिर में पानी भरना
✓ ब्रेन एवं स्पाईनल कार्ड ट्यूमर
✓ ब्रेन हैमरेज, लकवा, मिर्गी, साईटिका
आर्थोपेडिक विशेषज्ञ
स्त्री रोग विभाग
✓ 24 घण्टे नॉर्मल डिलीवरी
✓ जटिल प्रसव व सिजेरियन ऑपरेशन
✓ हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की जाँच एवं ईलाज
✓ बिना टांके बच्चेदानी का ऑपरेशन
✓ गर्भपात, नि:संतानता की सम्पूर्ण जाँच
यूरोलॉजिस्ट रोग विशेषज्ञ
मेडिसिन विभाग
✓ हृदय रोग व सांस से संबंधी ईलाज
✓ मस्तिष्क ज्वर का ईलाज
✓ डायबिटिक (शुगर) का ईलाज
✓ डायलिसिस की सुविधा
✓ हाई ब्लडप्रेशर, थॉयराइड,
शिशु रोग विशेषज्ञ
लेप्रोस्कोपिक व सर्जरी विभाग
✓ पेट संबंधी सभी प्रकार की दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन
✓ हार्निया, हाईड्रोसिल, गठान का ऑपरेशन पाईल्स, फिशर, फिस्टूला
✓ स्तन, गठान, थाइरॉइड व कैंसर, पैरोटिड सर्जरी प्रोस्टेट की सर्जरी, दुर्घटना संबंधी उपचार
ब्रेन एवं नस संबंधी समस्त बीमारियों का अत्याधुनिक तकनीकियों से समाधान का सबसे अनुभवी व एक मात्र संस्थान..
24 HRS. EMERGENCY TRAUMA CENTER
▸ 24 घंटे सोनोग्राफी एवं एक्स-रे
▸ 24 घंटे पैथोलॉजी लैबोरेट्री एवं फार्मेसी
▸ फिजियोथेरेपी सुविधा
▸ EEG NCV BERA TEST
▸ सर्व सुविधायुक्त आईसीयू
▸ क्रिटिकल व सर्जिकल केयर
▸ सर्व सुविधायुक्त सुसज्जित मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर
24 घंटे एंबुलेंस सुविधा
Call : 9754660077, 9329732439, 8602670119

## खबर संक्षेप

### 2 एएसआई सहित 15 पुलिसकर्मियों का तबादला

**बिलासपुर।** एसएसपी ने 2 एएसआई सहित 15 पुलिसकर्मियों का तबादला किया है। इसमें एएसआई चंद्रप्रकाश पाण्डेय का कोटा से पुलिस सहायता केंद्र सिम्स, कृष्ण कुमार मरकाम का पुलिस लाइन से कोटा, प्रधान आरक्षक संतोष यादव का सकरी से बिल्हा, रूपेश कुमार तिग्गा का बिल्हा से सकरी, साहेल अली का पुलिस लाइन से सिविल लाइन, हर प्रसाद डहरिया का कोटा से अजाक, अशोक नामदेव का अजाक से कोटा, आरक्षक सुनील यादव का पुलिस लाइन से कोनी, रामकिशन सिदार का कोनी से पुलिस लाइन, रामकुमार पोर्ते का पुलिस लाइन से हिर्री, रघुबर सिंह टेकाम का महिला थाना से पुलिस कन्ट्रोल रूम, देवानंद कैवर्त का सिविल लाइन से मस्तूर एसडीओपी कार्यालय, सचिन कुमार तिवारी का मस्तूरी से सिविल लाइन, अभिषेक पटेल का सिटी कोतवाली से डीसीबी शाखा, मोहन लाल धुरी का पुलिस लाइन से सिटी कोतवाली रीडर 4 शाखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय तबादला किया गया है।

### सड़क पर खाना वितरण करने वाले दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बिना अनुमति सड़क पर लोगों की भीड़ एकत्रित कर खाना वितरण करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, मंगलवार की शाम नव जीवन समिति के लोग गणेशनगर चुचुहियापारा बस्ती में सड़क किनारे खाना वितरण कर रहे थे। खाना लेने वालों की भीड़ लगी हुई थी। इसी दौरान धर्मपरिवर्तन की सूचना पर हिंदू संगठन के लोग वहां पहुंच गए और धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाकर हंगामा मचाने लगे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्षों से पूछताछ करने के बाद पाया गया नव जीवन समिति के सदस्यों के द्वारा प्रशासन से बिना अनुमति के लोगों को भोजन वितरण किया जा रहा था। पुलिस ने समिति के ग्रीनपार्क कालोनी गोरोन क्षितीज मसीह पिता राजेश कुमार मसीह 43 साल जरहाभाठा, सक्षम मसीह पिता राजेश कुमार मसीह 40 साल के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारओं के तहत गिरफ्तार कर मुचलका जमानत में रिहा कर दिया गया है।

### दो सूने मकानों में चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, 21 नवंबर 2025 को नारायण होम्स सम्बलपुर निवासी शिवकुमार के सूने मकान का ताला तोड़कर 20 हजार रुपए चोरी कर लिए गए थे। इसी तरह 16 अप्रैल 2025 को साई नेचर सिटी के एक सूने मकान का ताला तोड़कर 15 हजा रुपए चोरी कर लिया गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सकरी निवासी महेन्द्र उर्फ मोनू प्रजापति पिता रामकुमार 24 साल, महेन्द्र साहू पिता रामलाल साहू 39 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने उक्त दोनों मकानों में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### राइस मिल में चोरी, आरोपी के कब्जे से 1 लाख रुपए जब्त

**बिलासपुर।** साइबर सेल और थाना बिल्हा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गोदाम से चोरी और सोसायटी में आगजनी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। आरोपी के कब्जे से चोरी गया मोबाइल और नकदी जब्त की गई है। बिल्हा में रहने वाले अनिश अग्रवाल(24) व्यवसायी हैं। उनकी ग्राम गुमा स्थित राइस मिल के ऑफिस के अंदर अलमारी से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 1 लाख 55 हजार रुपए नकद और एक फोन चोरी कर लिया गया है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। साइबर सेल ने चोरी के मोबाइल का लोकेशन ट्रेस किया। इसमें पता चला कि झलफा निवासी रितेश यादव पिता रामायण यादव(20) चोरी के मोबाइल को चला रहा है। आरोपी बिल्हा क्षेत्र में दूध बेचने के साथ-साथ रेकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर 1 लाख 6 हजार रुपए जब्त कर लिया गया है।

## रेलवे ने लिया निर्णय

### जोन में 88 मेमू और 19 डेमू लोकल का हो रहा परिचालन, पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शुरुआत

# मेमू और डेमू लोकल होगी इंटरसिटी, लेकिन चाल रहेगी लोकल की तरह, बढ़ेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने छोटे-छोटे स्टेशनों के बीच चलने वाली मेंमू और डेमू ट्रेनों का नाम बदलकर इंटरसिटी रखने का निर्णय लिया है, जिसके लिए कार्यो को पायलेट प्रोजेक्ट के तहत शुरु कर दिया गया है। इसके तहत बिलासपुर जोन से चलने वाली 88 मेमू और 19 डेमू लोकल को इंटरसिटी बनाने का कार्य शुरु किया गया है।

रेलवे के अनुसार मेमू ट्रेन रेलवे की ओर से चलाई जाने वाली इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट ट्रेन होती है, जो शहरों और उपनगरीय इलाकों के बीच छोटी से मध्यम दूरी यानि 200 किलोमीटर तक की सफर के लिए होती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में मेमू और डेमू का परिचालन बिलासपुर से रायपुर, बिलासपुर से रायगढ़, बिलासपुर से कोरबा, बिलासपुर से रायपुर, दुर्ग होंते हुए डोंगरगढ़, बिलासपुर से शहडोल, बिलासपुर से पेण्ड्रारोड और कटनी मुड़वारा के बीच हो रहा है। मेमू की तरह डेमू ट्रेन का परिचालन भी एसईसीआर में किया जा रहा है।

इन दोनों मेमू और डेमू ट्रेन के इंजन और कोच की बनावट एक सी होती है। मेमू और डेमू ट्रेनों का स्टापेज सभी छोटे-छोटे स्टेशनों में किया जाता है, जिसमें सबसे अधिक सुविधा ग्रामीणों को हो रही है। अब रेल प्रशासन ने डेमू और मेमू ट्रेनों का नाम बदलकर इंटरसिटी रखने का आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत पायलेट प्रोजेक्ट की शुरुआत की जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में चलने वाली मेमू की संख्या 88 और डेमू की संख्या 19 है, जिसमें बोर्ड के आदेश नाम बदलने की शुरुआत कर दी गई है।

### चाल रहेगी लोकल की तरह



रेल अफसरों के अनुसार डेमू और मेमू लोकल का नाम बदलकर इंटरसिटी रखा जा रहा है। इंटरसिटी नाम रखने के बाद इसमें यात्रियों की सुविधा को भी बढ़ाने का काम किया जाएगा। इन सभी ट्रेनों की चाल यथावत रहेगी, जिसमें छोटे-छोटे स्टेशनों में ट्रेनों का ठहराव पूर्व की तरह रहेगा।

## व्यापारियों ने दी सब्जी सप्लाई ठप करने की चेतावनी

# सात दिन में बृहस्पति बाजार खाली करने का फरमान, नए रिवर व्यू में होंगे शिफ्ट

- इसी जगह पर निगम द्वारा नया सब्जी मार्केट तैयार किया जाएगा, वैकल्पिक व्यवस्था की मांग
- बृहस्पति बाजार, तिफरा, शनिचरी, चांटीडीह के सब्जी व्यापारियों ने बैठक में लिया विरोध का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बृहस्पति बाजार के 450 से अधिक चबूतरे वालों को नगर निगम ने सात दिन में जगह खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है। एक तरह से फरमान देते हुए व्यापारियों को नए रिवर व्यू जहां की नवरात्रि पर बड़ी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी वहां शिफ्ट होने कहा गया है। इसे लेकर व्यापारियों में हड़कंप और आक्रोश दोनों हैं। व्यापारी इसे तानाशाही बता रहे हैं और ऐलान किया गया है कि निगम ने जबरदस्ती जगह खाली करने दबाव डाला तो शहर में सब्जी आपूर्ति ठप कर दी जाएगी। बृहस्पति बाजार सब्जी व्यापारी संघ ने इस बारे में तिफरा, शनिचरी, चांटीडीह के सब्जी व्यापारियों के साथ बैठक करने फैसला ले लिए जाने का भी दावा किया। व्यापारियों का कहना है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के निगम सब्जी व्यापारियों को जो कि सालों से उसी जगह पर अपना बाजार कर रहे हैं हटा रहा है।

शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना दो साल से चल रही है। जिला खनिज न्यास (डीएमएफ फंड) से 13 करोड़ 39 लाख रुपए की स्वीकृति भी मिल गई थी। ठेका प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी लेकिन निगम दो सालों में इसके लिए जगह ही तय नहीं कर सका। इसलिए योजना पर आगे काम नहीं बढ़ सका। अब अधिकारी इसे नए सिरे से शुरू करने की बात कह रहे हैं। इसके लिए निगम की टीम पिछले एक सप्ताह से बृहस्पति बाजार का सर्वे कर रही है। इस दौरान दुकानों में क्या कारोबार हो रहा, किराएदार है कि मालिक और कितने वर्गफिट की दुकानें हैं कि रिपोर्ट तैयार की गई। अब बुधवार की शाम को निगम अमले ने बाजार क्षेत्र की सभी दुकानों में नोटिस चस्पा कर दिया। इसमें लिखा है कि सात दिनों में जगह खाली कर दी जाए नहीं तो निगम एकतरफा तोड़फोड़ कार्रवाई करेगा।



निगम की नोटिस के बाद आपस में चर्चा करते सब्जी व्यापारी।

### बंद कर देंगे सब्जियों की सप्लाई

इस नोटिस के बाद से व्यापारी विरोध पर उतर आए हैं। बृहस्पति बाजार व्यापारी संघ के अनुराग केशरवानी के मुताबिक निगम तानाशाही और मनमानी कर रहा है। नोटिस देने की प्रक्रिया का पालन भी नहीं किया जा रहा है। पहले नोटिस में कम से कम 30 दिनों की मोहलत दी जाती है लेकिन निगम सिर्फ सात दिनों में हटने को कह रहा है। यह किसी तरह से जायज और संभव ही नहीं है। व्यापारियों के मुताबिक निगम ने जानबूझकर बुधवार की शाम नोटिस दिया क्योंकि गुरुवार को सरकारी छुट्टी है। इसके बाद शनिवार और रविवार अवकाश हो जाएगा। इसके बाद भी व्यापारियों ने कोर्ट जाने का फैसला लिया है। व्यापारियों ने जबरदस्ती करने पर सब्जी सप्लाई बंद करने की चेतावनी दी है।

### 217 व्यापारियों ने पेश किया है दस्तावेज

पिछले सप्ताह निगम ने यहां के व्यापारियों को नोटिस देते हुए दस्तावेज जमा करने कहा था। निगम की ओर से कहा गया था कि बाजार स्थल पर एक नया प्रोजेक्ट लाया जा रहा है ताकि पात्र चबूतरा लाइसेंस धारकों, सब्जी विक्रेताओं को बेहतर जगह मिल सके। निगम ने सब्जी व्यापारियों से चबूतरा लाइसेंस, अनुमति पत्र, पहचान पत्र, शुल्क, लाइसेंस फीस, जमा रसीदें, किसी पूर्व आवंटन, नवीनीकरण आदेश के दस्तावेज पेश करने कहा था। इसके बाद 217 व्यापारियों ने दस्तावेज पेश किया है जबकि बाकि ने समय मांगा है।

### पूरी व्यवस्था की जाएगी

पुर्नविकास और कायाकल्प के तहत नए बाजार में ग्राउंड फ्लोर में 242 बड़े आकार के चबूतरें बनाएं जाने हैं जो कि 7 बाई 10 के आकार का रहेगा। प्रत्येक चबूतरे के नीचे स्टोरेज के लिए दरवाजे की सुविधा के साथ स्थान भी था। इसके साथ ही भवन के बेसमेंट में 50 कार और 170 बाइकों के लिए पार्किंग बननी थी। आगजनी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम की भी योजना है। व्यापारियों को बेहतर जगह देंगे। नई जगह पर पूरी व्यवस्था की जाएगी।

\- **खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त नगर निगम

## फर्जी टिकिट मामला

# जोनल स्टेशन में एक-एक यात्री के टिकिट की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे में फर्जी टिकिट से यात्रियों के सफर का मामला गरमाते जा रहा है। इसे गंभीरता से लेते हुए रेलवे बोर्ड और जोनल अफसरों के आदेश पर अब कामर्शियल विभाग के स्टाफ जोनल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सहित आसपास के छोटे-छोटे स्टेशनों में एक-एक यात्री से उनके टिकिट की जांच की गई है।

- रेलवे बोर्ड जोनल अफसरों ने भी दिए कामर्शियल स्टाफ को आदेश

रेलवे के राजस्व की सुरक्षा, पारदर्शिता सुनिश्चित करने व ईमानदार यात्रियों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से एसईसीआर के बिलासपुर मंडल में टिकिट धोखाधड़ी के विरूद्ध विशेष एवं सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत पिछले कुछ दिनों से ट्रेनों में हो रहे फर्जी टिकिट मामले के बाद की गई है, जिसमें फर्जी टिकिट और ओरिजनल टिकिट के एक पीएनआर की वजह से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह फर्जी टिकिट ज्यादातर ऑनलाइन निकालकर यात्रियों को दी जा रही है। टिकिट जांच कर्मचारियों द्वारा हाल ही में उजागर की गई धोखाधड़ी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। विशेष अभियान का संचालन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के निर्देशन पर किया जा रहा है। उन्होंने मंडल के सभी टीटीई एवं वाणिज्य कर्मचारियों को अत्यधिक सतर्कता बरतने स्पष्ट निर्देश जारी किया है। ट्रेनों एवं स्टेशन पर प्रति यात्री टिकिट के क्यूआर कोड की अनिवार्य जांच, एचएचटी के माध्यम से पीएनआर का ऑनलाइन सत्यापन तथा टिकिटों की गहन पड़ताल की जा रही है। विशेष रूप से स्क्रीनशॉट आधारित नकली मोबाइल टिकिट, रेलवे पास एवं अन्य रियायती कोटों के दुरुपयोग, ओबीएचएस अथवी पेंट्री यूनिट द्वारा अनाधिकृत रूप से यात्रियों को ले जाने की घटनाओं व यात्रियों की पहचान पत्रों की अनिवार्य जांच पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

### पकड़े गए 222 यात्री

अचानक शुरु किए गए अभियान में बिलासपुर डिवीजन के कामर्शियल स्टाफ सहित सारे टीटीई ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म और ट्रेनों में सघन जांच शुरु कर दी। इस दौरान 222 यात्रियों को बिना टिकिट एवं अनियमित टिकिट के साथ सफर करते हुए पकड़ा गया। इन सभी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। रेल अफसरों ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे अनाधिकृत व्यक्तियों व एजेंटों से टिकिट न खरीदी करें।

## खतरनाक खुले नाले में अनियंत्रित होकर स्कूटी सहित महिला गिरी, बाल-बाल बची

### जरहाभाठा मंदिर चौक के पास हुआ हादसा



**बिलासपुर।** बुधवार को जरहाभाठा मंदिर चौक के पास सड़क किनारे खुले नाले में अनियंत्रित होकर स्कूटी सहित महिला गिर गई। हादसे में महिला बाल बाल बच गई है। काफी मशक्कत के बाद स्कूटी का नाला से बाहर निकाला गया है। जरहाभाठा मंदिर चौक के आगे सड़क किनारे से लगे नाला को लापरवाही पूर्वक खुला छोड़ दिया गया है। बुधवार को दोपहर 3.30 बजे मंदिर चौक से नेहरू चौक की ओर जा रही स्कूटी सवार एक महिला ग्रीन सिग्नल होने पर निकल रही थी। भीड़ अधिक होने से महिला अनियंत्रित होकर स्कूटी सहित खुले नाले में गिर गई, जिससे चौक में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। लोग महला की मदद के लिए आगे आए। लोगों ने महिला को सुरक्षित नाला से बाहर निकाल लिया। महिला को बाहरी किसी प्रकार की चोट नहीं आई थी। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने स्कूटी को नाले से बाहर निकाला।

**सिविल लाइन थाना के सामने खुला नाला:** सिविल लाइन थाना के सामने पुलिस लाइन वाली मोड में नाला बनाकर खुला छोड़ दिया गया है। ट्रैफिक थाना के बाजू से इमलीपारा के लिए नई रोड बनाई गई। जिससे शहीद विनोद चौबे चौक में ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है। चार पहिया गाड़ी मोड़ते समय चक्का नाला में घुसकर फंस जाता है। उक्त खुला नाले में कई बार चार पहिया गाड़ी घुसकर फंस चुकी है। उसके बाद भी नाला को बंद नहीं किया जा रहा है।

# मौसी के घर से चोरी किए लाखों के जेवरात, अग्रिम जमानत निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



आरोपी

शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में दर्ज आभूषण चोरी के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने आरोपी गुरविंदर सिंह भाटिया की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि मामला गंभीर है, जांच प्रारंभिक चरण में है और आरोपी पुलिस जांच में सहयोग नहीं कर रहा, ऐसे में उसे अग्रिम जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता जुगल किशोर पांडेय ने बताया कि, सेशन जज सिराजुद्दीन कुरैशी की अदालत में गुरविंदर सिंह भाटिया द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। आरोपी पर आरोप है कि वर्ष 2023 में शिकायतकर्ता महिला के घर से करीब 30 लाख रुपए से अधिक के सोने-चांदी के जेवर चोरी किए गए। शिकायत के अनुसार जब परिवार इलाज के सिलसिले में मुंबई गया हुआ था, उस दौरान आरोपी और उसके परिजन घर में आना-जाना करते थे। काफी समय बाद जब अलमारी खोली गई, तो सोने-चांदी के कई कीमती जेवर गायब मिले। सिटी कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(ए) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### चोरी के गहने से गोल्ड लोन लिया

पुलिस ने कोर्ट को बताया कि आरोपी जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। नोटिस के बावजूद वह पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुआ और लगातार फरार है। चोरी के आभूषणों को गोल्ड लोन कंपनियों में गिरवी रखकर करीब 39 लाख रुपए से अधिक की रकम ली गई थी, जिसे बाद में छुड़ाया गया। ऐसे में आरोपी से बरामदगी और अन्य सह-आरोपियों की भूमिका सामने आना अभी शेष है, जो केवल गिरफ्तारी के बाद ही संभव है।

### कोर्ट का सख्त रुख

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि अग्रिम जमानत कोई सामान्य अधिकार नहीं है, बल्कि यह असाधारण राहत है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि केस डायरी से यह स्पष्ट है कि आरोपी ने पुलिस द्वारा बार-बार नोटिस देने के बावजूद जांच में सहयोग नहीं किया और गिरफ्तारी से बचता रहा। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने कथित तौर पर चोरी किए गए जेवरों को गोल्ड लोन कंपनियों में गिरवी रखकर करीब 39 लाख रुपये से अधिक की राशि प्राप्त की थी। ऐसे में आरोपी से बरामदगी और अन्य सह-आरोपियों की भूमिका सामने आना अभी शेष है, जो केवल गिरफ्तारी के बाद ही संभव है।

## महिला का मंगलसूत्र चोरी करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

**बिलासपुर।** आटो में महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र चोरी करने वाली तीन महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेवर व नकद रकम बरामद कर लिया है। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, सकरी अटल आवास निवासी मनीषा सोनी 16 दिसंबर को सुबह 12.15 बजे घर से अपने पति नर्मदा प्रसाद सोनी के साथ अपनी आटो से मंगला चौक स्कूल जा रही थीं। रास्ते में 5 महिलाएं नेहरू चौक जाना है कहकर आटो में सवार हो गई। उसलापुर ब्रिज के पास एक महिला पीछे से उनका बाल खींचने लगी। वे वहां से उठकर दूसरे सीट में जाकर बैठ गईं। इसी दौरान उन्होंने अपना गला देखा तो सोने का मंगलसूत्र चोरी हो गया था। श्रीमती सोनी ने शोर मचाया तो महिलाएं आटो से उतरकर भागने लगीं। लोगों की मदद से महिलाओं को पकड़कर सिविल लाइन थाना लाया गया। महिला पुलिसकर्मियों के द्वारा तलाशी लेने पर उनके पास चोरी गया मंगलसूत्र व 1000 रुपए नकद मिला। पुलिस ने श्रीमती सोनी की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 303, 3, 5 के तहत आरोपी रचनागिरी गोस्वामी पति राजेश गिरी गोस्वामी 25 साल महेशपुरमुरा जयनगर सूरजपुर, कौशल्या गिरी गोस्वामी पति हरदगिरी गोस्वामी 30 साल पोंड़ीपोड़ा बांगो कोरबा, रजन गिरी गोस्वामी पति गब्बरगिरी गोस्वामी 32 महेशपुरममुरा जयनगर सूरजनपुर निवासी को गिरफ्तार कर जेवर व नकद रकम जब्त कर लिया गया है।

### सेंदरी ब्रिज में व्यक्ति की लाश मिली

**बिलासपुर।** सेंदर में एक व्यक्ति की कुचली हुई लाश मिली है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, बुधवार की सुबह लोगों ने सेंदरी ब्रिज में एक व्यक्ति की कुचली हुई लाश देखी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। अज्ञात वाहन के कुचलने से मृतक की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस जांच में जुट गई है।

हरिभूमि आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## परिवहन आयुक्त को लिखा गया पत्र ❑ आरटीओ कार्यालय का किया जाएगा घेराव

# ग्रामीणों की गाड़ियों का काटा जा रहा ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्षेत्रीय परिवहन विभाग द्वारा मोपका-सेंदरी बाइपास में सीसी कैमरे के माध्यम से ग्रामीण अंचल के लोगों को जो इस मार्ग से गुजरते है उनकी गाड़ियों का ई-चालान के माध्यम से भारी-भरकम पेनाल्टी की जा रही है। इससे बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के सीपत, जांजी, बैमा, नगोई, मोहरा, बिरकोना, सेलर, भाड़ी, परसाही, रानीगांव सहित अन्य गांवों के गाड़ी मालिक हलाकान है।

इस संबंध में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी ने परिवहन आयुक्त को पत्र लिखा है, उन्होंने आरटीओ कार्यालय के घेराव की चेतावनी भी दी है। श्री केशरवानी ने कहा है कि शहर से लगे हुए इन गांवों के लोगों का छोटे-मोटे कामों के लिए कई बार बिलासपुर आना -जाना होता है और आरटीओ विभाग द्वारा उन्हें भारी भरकम ई-चालान भेजकर वसूली की जा रही है, जिसमें फिटनेस, पर्यावरण सर्टिफिकेट, लाइसेंस, नवीनकरण, इंश्योरेंस ,गाड़ी की कागजात जैसे कारण बताए जाते है जिन वाहन चालकों के पास सभी चीज है। उन्हें भी ई-चालान भेज रहे है तथा गांव में खड़ी गाड़ी की चालान भेजा जा रहा है। परिवहन विभाग की लापरवाही यह है कि वहां से गुजरने वाली गड़ियों का चालान के साथ गाड़ी की फोटो नहीं दिया जाता है। चालान राशि इतनी अधिक है कि ऐसा लगता है कि विभाग इसे अपनी आय का जरिया बना लिया है।क्षेत्रीय परिवहन विभाग जब वाहन टैक्स लेता है तो अच्छी सड़कें देना भी उसकी जिम्मेदारी है। खराब सड़कों से धूल उड़ती है, पर्यावरण खराब हो रहा है, धूलजनित बीमारियां होती है। इसे नजरअंदाज कर केवल वाहन मालिकों से पर्यावरण या फिटनेस सर्टिफिकेट मांगना न्याय संगत नही है। आरटीओ विभाग अच्छी सड़कें देने की जिम्मेदारी नहीं लेता है तो फिर उसे रोड टैक्स लेने का कोई अधिकार नहीं बनता।



### आरटीओ कार्यालय के घेराव की चेतावनी

श्री केशरवानी ने यह सवाल उठाया है कि क्या आरटीओ ऑफिस में जो सरकारी गाड़िया खड़ी है उनका प्रदूषण, फिटनेस इंश्योरेंस से लेकर सभी आवश्यक पात्रता प्रमाण पत्र सही है। आरटीओ विभाग द्वारा लोगों को कहा जा रहा है कि गाड़ी के नंबर को ढककर रखिए ,ये भी गलत है। बेलतरा विधानसभा की सभी सड़कें विशेषकर सेंदरी-मोपका बाईपास जर्जर और खस्ताहाल है। ऐसे में आरटीओ विभाग द्वारा सीसी कैमरा के आधार पर ई चालान काटने की कार्रवाई कर भारी भरकम पेनाल्टी वसूला गया तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन, आंदोलन करेगी।

